हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 305, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 29 अप्रैल, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## चीन के रक्षा मंत्री ने की राजनाथ सिंह के साथ चर्चा कहा- भारत व चीन सीमा पर स्थिति स्थिर

### दोनों पक्षों को सीमा मुद्दे को एक उचित स्थिति में रखना चाहिए और अपने संबंधों को बढ़ावा देना चाहिए

बीजिंग। नई दिल्ली में हुई भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात में सीमा तनाव का मुद्दा चर्चा का विषय था। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत की जमीन पर पहली बार हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की इस मुलाकात में भारत ने दो टूक कहा कि अगर चीन रिश्तों की बेहतरी चाहता है तो पहले सीमा से सैनिक मोचाबंदी और जमावड़ा खत्म करे।

इस बैठक में भारत द्वारा चीन को यह कहने के बाद कि सीमा समझौते के उसके उल्लंघन ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आधार को खत्म कर दिया है, चीन के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सीमा पर स्थिति आम तौर पर स्थिर है और दोनों पक्षों को सीमा मुद्दे को एक उचित स्थिति में रखना चाहिए और अपने संबंधों को बढ़ावा देना चाहिए। चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू, जो शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में हैं। गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ 45 मिनट की लंबी बैठक की, जिसके दौरान दोनों मंत्रियों ने मई 2020 से पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में गतिरोध पर



चर्चा की। बैठक में सिंह ने जनरल ली से कहा कि चीन द्वारा सीमा समझौतों का उल्लंघन करने से दोनों देशों के बीच संबंधों का पूरा आधार खत्म हो गया है और सीमा से जुड़े सभी मुद्दों को मौजूदा समझौतों के अनुसार सुलझाया जाना चाहिए। शुक्रवार को चीनी रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सेनाओं और द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

जनरल ली ने बताया कि वर्तमान में, चीन-भारत सीमा पर स्थिति आम तौर पर स्थिर है और दोनों पक्षों ने सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से संचार बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखना चाहिए, द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थिति में रखना चाहिए और सामान्य प्रबंधन के लिए सीमा की स्थिति को बढ़ावा देना चाहिए।

ली ने सिंह से कहा कि उम्मीद है कि दोनों पक्ष दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास को लगातार बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों के विकास में उचित योगदान देने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख पड़ोसी देशों और महत्वपूर्ण विकासशील देशों के रूप में, चीन और भारत मतभेदों की तुलना में कहीं अधिक हित साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों और एक-दूसरे के विकास को एक व्यापक, दीर्घकालिक और सामरिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए और संयुक्त रूप से विश्व और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए ज्ञान और शक्ति का योगदान देना चाहिए।

नई दिल्ली में भारत सरकार के सूत्रों ने कहा कि राजनाथ सिंह ने ली को बताया कि पूर्वी लद्दाख में शेष घर्षण बिंदुओं से पीछे हटने के बाद तनाव कम करने की दिशा में एक आंदोलन होना चाहिए और "सकारात्मक प्रतिक्रिया" की उम्मीद जताई। भारत के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों के विकास के बारे में भी चर्चा की। बयान में कहा गया है कि रक्षा मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत और चीन के बीच संबंधों का विकास सीमाओं पर शांति के प्रसार पर आधारित है। मंत्रालय ने नई दिल्ली में कहा कि एलएसी पर सभी मुद्दों को मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों और प्रतिबद्धताओं के अनुसार हल करने की जरूरत है। शुक्रवार को रउड के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए ली के दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटे बाद यह वार्ता हुई।

## वरिष्ठ नागरिकों को सुप्रीम कोर्ट से झटका, रेलवे किराया में रियायतों की बहाली वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिकों की उम्मीदों को झटका लगा। शीर्ष अदालत ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें रेलवे द्वारा कोविड महामारी से पहले वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली ट्रेन किराए में रियायत की बहाली की मांग की गई थी। अदालत का कहना है कि चूंकि यह शासकीय नीति का मामला है इसलिए अदालत के लिए सरकार को निर्देश जारी करना उचित नहीं होगा। जस्टिस एसके कौल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ एमके बालाकृष्णन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए बंद की गई रियायतों की बहाली की मांग की गई थी। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत एक याचिका में परमादेश रिट जारी करना इस अदालत के लिए उचित नहीं होगा। सरकार को वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों और राजकोषीय नतीजों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर फैसला करना है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। पीठ ने याचिकाकर्ता के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रियायतें देना सरकार का दायित्व है। केंद्र ने 2020 में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए लोगों की आवाजाही को कम करने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रियायतें बंद कर दी थीं।

## 'कांग्रेस वालों आपकी मति मारी गई है, मोदी जी को जितनी गाली दोगे, कमल उतना खिलेगा', खरगे को शाह का जवाब

कर्नाटक। केंद्रीय मंत्री अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शुक्रवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। अमित शाह ने धारवाड़ के नवलगुंद विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा, "कांग्रेस अध्यक्ष खरगे... मोदी जी की तुलना काले सांप से करते हैं, कभी ये कांग्रेस वाले कहते हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, सोनिया गांधी कहती हैं मौत का सौदागर, प्रियंका गांधी कहती हैं नीच जाति के लोग। कांग्रेस वालों की मति मारी गई है, वे मोदी जी को जितनी गाली देंगे कमल उतने ही अच्छे से खिलेगा।" गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "कांग्रेस 70 साल से धारा 370 को एक बच्चे की तरह अपनी गोद में सहला रही थी। कांग्रेस, जेडीएस, सपा, बसपा, ममता सब कहते थे कि इसे मत हटाइए कश्मीर में खून की नदियां बह जाएगी। धारा 370 हट गई, खून की नदियां तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई।" शाह ने आगे कहा, "कांग्रेस ने मेरे खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। हमने पीएफआई पर बैन लगाकर कर्नाटक को सुरक्षित किया है। मैं नहीं डरता हूं। आपको कोई आपत्ति है तो आकर बताइए कि क्यों पीएफआई को चालू रखना चाहिए। वोट बैंक की लालच में कांग्रेस ने



पीएफआई को सिर पर चढ़ाया था।" शाह ने कहा, एक ओर राहुल बाबा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी है और दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा है। ये चुनाव ये तय करने का चुनाव है कि अगले पांच साल तक मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार कर्नाटक को आगे ले जाएगी या कांग्रेस की सरकार कर्नाटक को पीछे ले जाएगी। उधर, मधुगिरि में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संवैधानिक दृष्टि से गलत है। आप अगर धार्मिक आधार पर आरक्षण देंगे तो किसका आरक्षण लेंगे लिंगायत का, SC का या वोकालिंगा का ये कर्नाटक के भविष्य का चुनाव है। समय पर सही फैसले करते हैं तो सही परिणाम आते हैं। डबल इंजन का मतलब है, जो नीति मोदी जी भेजते हैं उसे जमीन पर येदियुरप्पा और बोम्मई जी क्रियान्वित करते हैं, ऐसी सरकार डबल इंजन की सरकार कहलाती है।

### कांग्रेस को मिलेंगी कम से कम 150 सीटें : राहुल

बेंगलुरु। कर्नाटक में अगले महीने 10 मई को 224 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान होने हैं। इससे पहले सियासी नेता जनता को रिझाने के लिए तरह-तरह के वादे करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पचास हजार भर्तियां रिक्त पड़ी हैं। उनकी सरकार इन्हें पचास हजार रोजगार से भरेगी। कांग्रेस नेता ने कहा, हमारी सरकार आने वाली है। उसको कोई नहीं रोक सकता है। ये भी तय है कि भाजपा को 40 अंक बहुत अच्छा लगता है, इसलिए कर्नाटक की जनता इनको 40 सीट देगी। कांग्रेस पार्टी को कम से कम 150 सीटें मिलेंगी। तीन साल में इन्होंने (भाजपा) चोरी की, 40 फीसदी कमीशन लिया। उन्होंने कहा, हम यहां विशेष शिक्षा क्षेत्र नीति आपको देंगे, जिससे आईआईटी और आईआईएम भी यहां आए।

## काशी चमकी चुकी, अब नैमिष की बारी : योगी आदित्यनाथ

मिश्रिख। नैमिषारण्य में आने से जन्म और जीवन दोनों धन्य हो जाता है। दुनिया का वैदिक ज्ञान यहां भरा हुआ है और भावी पीढ़ी तक पहुंचाने की तैयारी है। काशी चमक चुकी है, नई दिव्य-भव्य अयोध्या तैयार हो रही है। मथुरा का कायाकल्प कराया जा रहा है। अब नैमिष की बारी है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मिश्रिख के श्रीराम लीला मैदान में निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा में कहीं।

उन्होंने नगर निकायों को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने व विकसित करने के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप चुनाव जिताइये हम विकास कार्यों में धन की कमी नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो काम आजादी के बाद 65 वर्षों में सरकारें नहीं कर पाईं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नौ साल में वह केंद्र




सरकार ने किया है। पहले लोगों का नेतृत्व के प्रति अविश्वास था। दुनिया भारत को संदेह की दृष्टि से देखती थी। अब विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। आपदा आने पर लोग मदद के लिए भारत की ओर देखते हैं और हम मदद करते भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले एक समुदाय विशेष के युवाओं के हाथ में तमंचे होते थे हमने टैबलेट देकर तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का काम किया। तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाकर प्रदेश में रोजगार दिलवाएंगे। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सांसद अशोक रावत, विधायक ज्ञान तिवारी, आशा मौर्या, शशांक त्रिवेदी, निर्मल वर्मा, राम कृष्ण भार्गव, मनीष रावत ने भी सभा को संबोधित किया।

## नशेड़ी युवक का था अतीक के कार्यालय में मिला ब्लड, खून से सने हथियार का भी हुआ खुलासा

प्रयागराज। अतीक अहमद के चकिया स्थित कार्यालय में मिना खून नशे के लती युवक का ही था। चकनिरातुल, खुल्दाबाद के रहने वाले इस शख्स ने पुलिस को बताया है कि वह चोरी करने गया था और इसी दौरान कांच लगने से जख्मी हो गया था। इसके बाद उसने दूसरे कमरे में पड़े कपड़े से खून पोंछा था और वहां से भाग निकला था। पुलिस ने बताया कि घटना 23 अप्रैल की शाम की है। आरोपी ने बताया है कि वह नशे का लती है।



घटना वाले दिन वह चोरी की नीयत से अतीक के कार्यालय में पहुंचा था। इस दौरान उसका एक दोस्त भी था जो बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहा था। इसके बाद वह उस कमरे की ओर गया जिसमें 21 मार्च को पुलिस ने असलहे व 73 लाख रुपये बरामद किए थे। उसे वहां रुपये मिलने की उम्मीद थी। लेकिन भीतर दाखिल होने के चक्कर में कांच लगने से उसके कलाई की नस कट गई जिससे वह लहुलुहान हो गया। इसके बाद वह भागते हुए खून पोंछने के लिए कपड़ा ढूंढ़ने लगा। इसी दौरान किचन के पास एक कपड़ा मिलने पर उसने उससे हाथ पोंछा लेकिन खून बंद न होने पर भाग निकला। इंस्पेक्टर खुल्दाबाद अनुराग शर्मा ने बताया कि आरोपी का शांतिभंग में चालान किया गया है।

**...तो ये है खून से सने चाकू का राज**– मौके से बरामद खून सने चाकू के बाबत पुलिस का कहना है कि चाकू वहां पहले से पड़ा था। भागते वक्त शाहरुख का ही खून चाकू पर गिर गया था।

## बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ी, सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली पुलिस बोली दर्ज होगा एफआईआर

प्रखर डेस्क। जंतर-मंतर पर जुटे तमाम पहलवानों का संघर्ष आखिरकार रंग का ही गया। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा कि जल्द ही दर्ज करेंगे भूषण शरण सिंह पर एफ आई आर। सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान इसकी जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने पहलवानों की शिकायत पर डब्ल्यू एफ आई प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का फैसला किया है। इसके पूर्व में 26 अप्रैल को दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि मामले में एफ आई आर दर्ज करने से पूर्व आरोपों को लेकर प्राथमिक जांच की जरूरत है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने नाबालिक द्वारा प्रस्तुत सबूत को तुषार मेहता को दिया। साथ ही कोर्ट को यह सूचना भी दी कि नाबालिग ने अपने डर



के चलते राजधानी छोड़ दी है। वहीं सिब्बल ने इस दौरान सभी शिकायतकर्ताओ की सेफ्टी और सिक्योरिटी को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने यह भी मांग की कि मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में एक स्पेशल टास्क फोर्स से कराई जाए। वहीं अदालत ने दिल्ली पुलिस से नाबालिग शिकायतकर्ता को सुरक्षा प्रदान करने के लिए उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दायर करने को कहा है। पहलवानों ने अपनी याचिका में कहा था कि इस साल जनवरी में शिकायतों के बावजूद केंद्र ने कोई कार्रवाई नहीं की। पहलवानों की शिकायतों की जांच के लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय ने एक निगरानी समिति का गठन किया था। हालांकि इसके नतीजे का पता नहीं चल पाया। वही मीडिया रिपोर्ट से संकेत मिलते हैं कि बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट दे दी गई। याचिका में कहा गया है कि पुलिस एफआईआर से इंकार नहीं कर सकती । वजह, यह संज्ञेय अपराध का खुलासा करती है और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद की शक्ति और प्रभाव के चलते ऐसा नहीं हो रहा।

## आसमान में दिखा अद्भुत नजाराः सतरंगी रिंग पहने सूर्य को देखने सड़कों पर उतरे लोग, सोशल मीडिया पर फोटो वायरल



वाराणसी। वाराणसी में शुक्रवार एक अजीब खगोलीय घटना देखने को मिली है। सूरज के चारों तरफ एक रिंग बना हुआ दिखा। इंद्रधनुष के रंगों वाले इस रिंग को देखकर लोग हैरान हो गए। क्योंकि इससे पहले इस तरह का अद्भुत नजारा कभी देखने को नहीं मिला। सूर्य देव के चारों तरफ बने इस गोले को लेकर लोग तमाम तरह की चर्चा कर रहे हैं। वहीं वैज्ञानिक इस घटना को वाटर हालो कहते हैं। भदोही में भी शुक्रवार की दोपहर आसमान में सूर्य के आसपास एक अनोखा घेरा दिखा। जिसमें सूर्य के घेरे के एक तरफ गुलाबी व दूसरी ओर नीले रंग की आकृति नजर आ रही थी। जिले के विभिन्न इलाकों में सूरज के चारों तरफ बनी रिंग कौतूहल का विषय बना रहा। सतरंगी रिंग पहने सूर्य को देखने के लिए लोग सड़कों पर निकल आए और अपने-अपने मोबाइल में इस नजारे को कैद करते दिखे। जिले में दोपहर 12 बजे के आसपास यह अद्भुत नजारा देखने को मिला। सीधे सूर्य की किरणों के पड़ने के कारण लोगों ने इसे देखने के लिए काले चश्मे का सहारा लिया। लोगों के बीच यह खगोलीय घटना चर्चा का विषय बना रहा। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का कहना था कि सूर्य की चारों ओर सतरंगी गोलाई बारिश होने का परिचायक होता है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी थे जो इसे शुभ और कुछ लोग अशुभ बता रहे थे। पूरे जिले में सूर्य के रिंग वाली फोटो लेकर लोग सोशल मीडिया पर लगाते नजर आएं।

## अब जेल में हैं बंदूक लेकर चलने वाले माफिया : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

कुशीनगर। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पूर्व सरकार में माफिया गाड़ियों में बंदूक लेकर चलते थे। अब जेल हैं। गले में तख्ती लगाकर जान की भीख मांग रहे हैं। 25 हजार से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यह भाजपा की सरकार है। घोटालों व भ्रष्टाचार के रसातल में डूबे देश व प्रदेश को बाहर निकालने का कार्य किया गया है। पहले बीमारी में घर का गहना बिकता था, अब आयुष्मान भारत से पांच लाख का मुफ्त उपचार मिल रहा है। 14 को छोड़ प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कालेज बन गया है। किसानों को सम्मान निधि देकर उनका सम्मान किया गया है। वे शुक्रवार को नगर के बेनेट क्लब मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य के सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं की लंबी सूची गिनाते हुए निकाय चुनाव में जीत के लिए समर्थन मांगा। कहा कि पहले भाजपा शासन से पूर्व भूख से मौत होती थी। हमने मुफ्त राशन देकर उसे रोका। मां-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत निश्शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया। हर गरीब को छत दिया। हर घर जल योजना के तहत स्वच्छ जल पहुंचाया। कहा कि सरकार 2019 से सभी को निश्शुल्क राशन दे रही है। राम मंदिर निर्माण चल रहा है, गृहमंत्री अमित शाह ने



घोषणा की है कि 2024 तक तैयार हो जाएगा। अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरन जायसवाल को बेहतर बताते हुए कहा कि सही चयन ही विकास को सही दिशा देता है। यह आप सभी ने देखा है। सांसद विजय कुमार दूबे, कुशीनगर विधायक पीएन पाठक, हाटा विधायक मोहन वर्मा, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जेपी शाही, चंद्रप्रभा पांडेय, राधेश्याम गोंड, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, संतोष सिंह, नीतिश यादव आदि ने भी संबोधित किया। संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव ने किया। स्वागत एवं आभार ज्ञपपन राकेश जायसवाल द्वारा किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, राजेश जायसवाल, दयाशंकर पांडेय, पूर्व प्रमुख अशोक पांडेय, ओमप्रकाश वर्मा, छेदी शर्मा, विधायक प्रतिनिधि रुद्रप्रकाश सिंह, अनूप तिवारी, आद्या पांडेय, रत्नेश श्रीवास्तव, सचिन पाठक, संजीव सिंह सिबलू, गुड्डू गुप्त, डा. वीना कुमारी, रूपम सिंह, फुलवंती चौहान, सुनीता गोंड, वंदना ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक के घर पहुंची सीबीआई

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) 60 करोड़ रुपये के कथित रिश्वत मामले में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर पहुंची है। मामला एक स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित है, जिसे कथित रूप से आगे बढ़ाने के लिए कहा गया था, लेकिन जब वह जम्मू और कश्मीर के तत्कालीन राज्य के राज्यपाल थे, तब रद्द कर दिया गया था। मलिक ने दावा किया था कि 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए उन्हें 300 करोड़ रुपये रिश्वत की पेशकश की गई थी। सीबीआई की टीम उनके बयान दर्ज करने और अन्य जानकारी जुटाने के लिए उनके घर पहुंची है। पिछले साल सीबीआई ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था और छह राज्यों में छापेमारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश में कथित बीमा 'घोटाले' की जांच के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से पूछताछ करेगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई की एक टीम राष्ट्रीय राजधानी के आरके पुरम इलाके में मलिक के सोम विहार आवास पर उनके दावों पर स्पष्टीकरण लेने के लिए सुबह करीब 11.45 बजे पहुंची। मलिक अब तक मामले में आरोपी या संदिग्ध नहीं है। सात महीने में यह दूसरी बार है, जब विभिन्न राज्यों के राज्यपाल के रूप में काम कर चुके मलिक से सीबीआई पूछताछ करेगी। उनका बयान पिछले साल अक्टूबर में बिहार, जम्मू-कश्मीर, गोवा और मेघालय में राज्यपाल की जिम्मेदारी पूरी करने के बाद दर्ज किया गया था। उनसे स्पष्टीकरण मांगने के लिए सीबीआई के ताजा नोटिस के बाद मलिक ने ट्वीट किया था, "मैंने सच बोलकर कुछ लोगों के पापों का पदार्फाश किया है। शायद इसलिए मुझे बुलाया गया है। मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं घबराऊंगा नहीं।" मैं सच के साथ खड़ा हूं।"

## संपादकीय

### मनमानी के विरुद्ध

जब समूची दुनिया में कोरोना विषाणु से उपजी महामारी ने कहर मचाया हुआ था, तब हमारे देश में भी सरकार की ओर से इसका सामना करने के लिए तमाम वैकल्पिक उपाय निकाले जा रहे थे। बाकी अन्य मोर्चों पर जितना संभव हुआ, उतना सरकार ने किया। इसी क्रम में बच्चों को महामारी की चपेट में आने से बचाने के लिए स्कूल बंद किए जाने से लेकर अन्य तमाम दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत स्कूलों से यह भी कहा गया था कि वे इस दौरान बच्चों की फीस न वसूलें। लेकिन बहुत सारे स्कूलों ने इस पर गौर करना जरूरी नहीं समझा और कोरोना काल में भी अभिभावकों से शुल्क वसूले थे। इसके खिलाफ कुछ अभिभावकों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील की थी। मामले पर सुनवाई के बाद अदालत ने स्कूलों को पूर्णबंदी के समय ली गई फीस का पंद्रह फीसद अभिभावकों को लौटाने का आदेश दिया था। अदालत का साफ मानना था कि पूर्णबंदी के दौरान स्कूल केवल ट्यूशन फीस के अलावा अन्य कोई भी शुल्क मांगने के हकदार नहीं थे। हालांकि उस दौरान जो हालात थे, उसमें ऐसा करना एक सामान्य समझ का भी तकाजा था, मगर इसके लिए अदालत को यह निर्देश देने की जरूरत पड़ी। विडंबना यह है कि स्कूलों को अदालत के स्पष्ट आदेश को भी मानना जरूरी नहीं लगा। उन्होंने न फीस लौटाई या न ही उसे संयोजित किया। यह अपने आप में एक तरह से अदालती आदेश का उल्लंघन ही था। अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने जिले में ऐसा करने वाले स्कूलों की पहचान की और यहां के सौ से ज्यादा निजी स्कूलों पर एक-एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। यही नहीं, इस कार्रवाई के तहत कहा गया है कि अगर दस दिन के भीतर वसूला गया विद्यालय शुल्क अभिभावकों को वापस नहीं किया गया तो जुमार्ने की रकम बढ़ा कर पांच-पांच लाख रुपए कर दी जाएगी। हो सकता है कि गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी के आदेश के कुछ कानूनी परिप्रेक्ष्य हों और उसी संदर्भ में इस पर ओमल को लेकर कुछ सवाल हों। लेकिन इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर स्कूलों ने अपनी मनमर्जी से फीस की वसूली की तो यह अपने आप में हैरान करने वाला मामला है। सवाल है कि अगर कोरोना से बचाव की कोशिश में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों को भी बंद रखा गया था, तो स्कूलों को कम से कम उस समय विद्यार्थियों से वसूले जाने वाले शुल्क के ढांचे पर अपनी ओर से विचार करना जरूरी क्यों नहीं लगा! यह जगजाहिर तथ्य है कि पूर्णबंदी और महामारी के चरम के वक्त लोगों ने अपनी ओर से बचाव की कोशिशों में हर संभव सहभागिता की जिम्मेदारी निभाई। बल्कि इस क्रम में जो लोग परेशानी में घिर गए, जिनका रोजगार छूट गया, जिनके सामने खाने-पीने तक का संकट खड़ा हो गया, उस समय ऐसे तमाम लोग सामने आए, जिन्होंने अपनी सीमा में अपने खर्चे से जरूरतमंदों की मदद की। खुद सरकार ने अनाज मुहैया कराने से लेकर कई तरह के कार्यक्रम चलाए। ऐसे में स्कूलों की क्या जिम्मेदारी बनती थी? कम से कम फीस नहीं लेने की अपीलों के बाद उन्हें मदद के तौर पर ही सही, अपने यहां पढ़ने वाले बच्चों की फीस का ढांचा कुछ नरम करना चाहिए था। लेकिन हालत यह रही कि वसूले गए शुल्क लौटाने के अदालत के निर्देश पर भी अमल करना उन्हें जरूरी नहीं लगा। इसलिए गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी की ओर से इस संबंध में की गई कार्रवाई का आधार समझा जा सकता है!

### हुआ होना आम !



अपराधी के पक्ष में ।  
हुआ होना आम ।।  
शान से अब कितने ।  
ले रहे हैं नाम ।।  
वर्ग है एक ऐसा ।  
आड़े आए वोट ।।  
लोकतंत्र को लेकिन ।  
है पहुंचती चोट ।।  
आदत है पुरानी ।  
हर तरफ ये हाल ।।  
बढ़ने की ललक है ।  
इन्हें बना कर ढ़ाल ।।  
खुल कर हो विरोध ।  
हिम्मत ना जुट पाई ।।  
करना अपने पक्ष में ।  
इसी की लड़ाई ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# न्यायपालिका में स्त्रियों की भागीदारी

सेवा का कोई भी क्षेत्र हो, अधिक विविध होने से संभावनाएं बड़ी होती हैं। न्यायपालिका में भी महिलाओं की संख्या अपेक्षानुरूप होना बदलाव को न केवल दृष्टिगोचर करेगा, बल्कि लैंगिक रूढ़िवादिता को भी दूर करने में यह मददगार सिद्ध होगा। अपने जीवनकाल में महिलाओं के अधिकारों, मतदान के अधिकारों और सभी के लिए समान अधिकारों के लिए लड़ाई में संलग्न अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की महिला न्यायाधीश रहीं रूथ वेदर गिन्सबर्ग से जब एक बार पूछा गया था कि अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में कितनी महिला न्यायाधीश पर्याप्त होंगी, तब उन्होंने कहा कि मुझे तब संतोष होगा कि जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में सभी नौ न्यायाधीश महिलाएं होंगी। गौरतलब है कि साल 2020 में अपनी मृत्यु तक उन्होंने सत्ताईस वर्ष अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में अपनी सेवाएं दी। विदित हो कि अमेरिका की शीर्ष अदालत में एक मुख्य न्यायाधीश समेत नौ न्यायाधीश होते हैं, जबकि भारत के सर्वोच्च न्यायालय में यही संख्या चौंतीस है। भारत स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के दौर में है। पचहत्तर साल की आजादी के इस दरमियान महिला सशक्तिकरण को लेकर विविध क्षेत्रों में कार्य किए गए।

सिविल सेवा, पुलिस सेवा, इंजीनियर, डाक्टर, सेना और न्यायिक सेवा समेत विविध क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति बाकायदा देखी जा सकती है। मगर इस कसक के साथ कि उच्च और उच्चतम न्यायालय में महिलाओं के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व का प्रयास बड़ा आकार नहीं ले पाया। सर्वोच्च न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के पद पर अभी तक किसी महिला न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हुई है। हालांकि न्यायाधीश के रूप में कई महिलाएं नियुक्त हो चुकी हैं और इस बार कालेजियम ने तीन महिला न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त करके एक बड़ी पहल की है। संभव है कि 2027 तक देश को पहली महिला प्रधान न्यायाधीश मिले।

गौरतलब है कि वर्ष 1989 में न्यायमूर्ति एम फातिमा बीबी सर्वोच्च न्यायालय की पहली न्यायाधीश बनी थीं। वे केरल न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुई थीं। यह सही है कि विविधता सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देती है। सेवा का कोई भी क्षेत्र हो, अधिक विविध होने से संभावनाएं बड़ी होती हैं। न्यायपालिका में भी महिलाओं की संख्या अपेक्षानुरूप होना बदलाव को न केवल दृष्टिगोचर करेगा, बल्कि लैंगिक रूढ़िवादिता को भी दूर करने में यह मददगार सिद्ध होगा। न्यायपालिका के सभी स्तरों पर महिलाओं के लिए पचास फीसद आरक्षण के लिए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना का आह्वान सराहनीय है, मगर वस्तुस्थिति यह है कि सर्वोच्च न्यायालय में अब तक ग्यारह महिला न्यायाधीश की नियुक्ति हुई है, जबकि उच्च न्यायालयों में यह अनुपात लगभग 11.5 फीसद है। अधीनस्थ न्यायालयों में यही आंकड़ा 30 फीसद है। इसी तर्ज पर देश में कुल अधिवक्ताओं में से महज पंद्रह फीसद महिला अधिवक्ता हैं। जाहिर है, अभी इस क्षेत्र में कई बड़े कदम की आवश्यकता है। गौरतलब है कि देश में बढ़ते विधि विश्वविद्यालयों और कालेजों की संख्या और उनमें कानून की पढ़ाई में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। विधि स्कूल की कक्षाओं में महिलाएं पुरुषों से आगे भी निकल रही हैं। मगर एक रास्ता तेजी से कारपोरेट क्षेत्र की ओर भी जाता है। महिला प्रतिनिधित्व बढ़ने से न्यायपालिका को कहीं अधिक सकारात्मक और अधिक समावेशी चेहरे की ओर ले जाया जा सकता है और न्याय के क्षेत्र में इनकी प्रतिभा का बाकायदा उपयोग भी संभव होगा। समाज में एक शक्तिशाली संदेश यह भी है कि महिलाओं



की उपस्थिति से जनता का विश्वास और वैधता के साथ अनुशासन को बड़ा किया जा सकता है। यह नैतिक रूप से समाज को इस बात के लिए सशक्त बना देगा कि यहां पितृसत्तात्मक ढांचे जैसी कई बात नहीं है। इससे आर्थिक न्याय के साथ-साथ व्यापक सामाजिक न्याय भी सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। गौरतलब है कि महिला सशक्तिकरण दशकों से किया जा रहा ऐसा प्रयास है जिसमें सरकारें हमेशा चिंतित रही हैं। सुशासन की परिपाटी में भी महिला सशक्तिकरण एक ऐसी आहट रही, जिन्हें सामाजिक-आर्थिक न्याय देकर मुख्यधारा में लाना रहा है। लोक केंद्रित अवधारणा के अंतर्गत अवसर की उपादेयता और उन्हें हाशिये से समतामूलक दृष्टिकोण के तहत पूरा मौका देना भी सशक्तिकरण का आयाम है। वर्तमान दौर तो सभी दिशाओं में महिलाओं के होने का सूचक है। ऐसे में न्यायपालिका के भीतर उनके प्रवेश को प्रोत्साहित करना इसी दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम कहा जाएगा।

संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत देखें तो अनुच्छेद 15, 15(3), 16, 39(क) के अंतर्गत समाज में लैंगिक न्याय प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। जाहिर है, न्यायपालिका में महिलाओं को बड़ी भागीदारी देकर इस मामले में पथ और समतल किया जा सकता है। एक बड़ा सच यह है कि न्यायपालिका में महिलाओं की उपस्थिति को लेकर बातें बड़ी शिद्दत से समझी और कही जा रही हैं, मगर हैरत इस बात पर भी है कि बीते पचहत्तर सालों में संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं को तैंतीस फीसद आरक्षण देने की हिम्मत भी अब तक की सरकारें नहीं जुटा पाई हैं। जबकि सभी राजनीतिक दल मंचों पर खड़े होकर इसका समर्थन जरूर करते हैं। हालांकि बदलते दौर के अनुपात में महिला शिक्षा और विधि क्षेत्र में उनका दखल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में न्यायिक क्षेत्र में उनका अधिक होना देर-सवेर संभव है। इसके अलावा, महिलाओं को दिए गए आरक्षण की परिपाटी ने भी न्यायिक सेवा में उनकी पहुंच को बढ़ाया है। असम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओड़ीशा और राजस्थान जैसे राज्यों में आरक्षण से लाभ हुआ है। यहां चालीस से पचास फीसद महिला अधिकारी देखी जा सकती हैं।

इस बात को भी शिद्दत से समझने की आवश्यकता है कि यह समय की मांग और अपरिहार्यता भी है कि महिलाओं को न्यायपालिका में व्यापक प्रवेश देकर उनके साथ भी न्याय किया जाए। यों देखा जाए तो अमेरिका की न्यायपालिका में भी महिलाओं को लेकर बहुत सकारात्मक आंकड़े नहीं दिखाई देते। हालांकि प्रत्येक देश की अपनी सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति के साथ शासकीय और न्यायिक दृष्टिकोण होते हैं। दरअसल, न्यायपालिका मुकदमों के बोझ के तले दबी है और निचली अदालतों में चार करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। प्रधानमंत्री और कई मुख्य मंत्रियों की उपस्थिति में साल 2022 में एक सम्मेलन में बोलते हुए तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि अदालतें जजों की कमी से जूझ रही हैं और दस लाख लोगों पर बीस न्यायाधीश हैं, जो बढ़ती मुकदमेबाजी को संभालने के लिए नाकाफी हैं। उधर चौबीस हजार पद खाली हैं। इसमें निहित परिप्रेक्ष्य यह भी है कि पदों की भरपाई के चलते न केवल न्यायिक प्रक्रिया में शीघ्रता आएगी, बल्कि न्यायपालिका में महिलाओं की उपस्थिति भी तुलनात्मक बढ़त लेगी। कानून के शासन की अभिव्यक्ति इस मुहावरे से होती है कि कोई भी व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं, मगर जब इसी कानून से समय से न्याय मिलने की अपेक्षा हो और उसमें मामला लंबित हो जाए तो इसकी कीमत वे विचाराधीन कैदी चुकाते हैं जो न्याय की बाट जोह रहे हैं। यह तब अधिक समस्या बन जाता है, जब न्यायपालिका में पद रिक्त हों और मुकदमों का अंबार लगा हो।

# कहीं अंधाधुंध विकास ही ना बन जाये प्रकृति के विनाश का कारण

भले ही जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनिया के देश लाख चिंता जता रहे हो, शिखर सम्मेलनों में नित नए प्रस्ताव पारित किए जा रहे हो, पर वास्तविकता तो यही है कि दुनिया के देश पिछले 8 साल से लगतार सबसे ज्यादा गर्मी से जूझते आ रहे हैं। पिछले सालों में ग्लेशियरों के पिघलने की स्पीड जिस तरह से बढ़ती हुई देखी जा रही है, जिस तरह से जंगलों में दावानल हो रहा है और जिस तरह से समुद्री तूफान, चक्रवात या सुनामियां आए दिन अपना असर दिखा रही हैं वास्तव में यह अत्यधिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। इस क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि ग्लेशियर किनारे बसे शहरों के अस्तित्व का संकट भी मुंह बाये खड़ा दिखाई देने लगा है। हालांकि समय पर सूचनाओं और डिजास्टर मैनेजमेंट व्यवस्था में सुधार का यह तो असर साफ दिखने लगा है कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते जनहानि तो न्यूनतम हो रही है पर जिस तरह से धन हानि हो रही है और आधारभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंच रहा है वह भी अपने आप में गंभीर है। दरअसल प्रकृति प्रदत्त उपहारों का जिस तरह से



अंधाधुंध दोहन किया गया है और जिस तरह से नित नई सुविधाओं के साइड इफेक्ट जब तक हमारे सामने आते हैं तब तक हम बहुत कुछ खो चुके होते हैं। अब ग्लेशियरों के किनारों तक पहुंच और फिर पिकनिक स्पॉट की तरह उनका उपयोग होने से केवल प्लास्टिक ही नहीं अन्य कारणों से बुरा असर पड़ा है। आज वैज्ञानिक मानने लगे हैं कि जिस तरह से जीवन को आसान बनाया गया है वे सभी कारण कार्बन उत्सर्जन या यों कहें कि प्रकृति को विकृत करने में सहायक रहे हैं। आज यह सामने आ रहा है कि संवाद के सामान्य साधन ईमेल से ही कार्बन उत्सर्जन होने लगा है। फिर आसानी से कल्पना की जा सकती है कि हमारे एसी, हमारे रेफ्रिजरेटर, ओटीजी, ओवन, दैनिक उपभोग के इलेक्ट्रोनिक उत्पाद कितना अधिक प्रभावित कर रहे हैं। कैमिकल फर्टिलाइजरों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की प्रभावित होती उर्वरा शक्ति को हम अब समझ पा रहे हैं और एक बार वापस वैदिक खेती, या जैविक खेती या परंपरागत खेती की बात करने लगते हैं। यह तो एक इशारा मात्र है। आज जंगलों को वापस आबाद करने पर जोर दिया जाने लगा है। अंधाधुंध शहरीकरण के चलते हमने हमारी संस्कृति, परंपरा, जलवायु और पर्यावरण सभी को प्रभावित किया है। प्राकृतिक तरीके से गांवों में बने आवासों का स्थान शहरीकरण के चलते गगनचुंबी कंक्रीट के संजालों ने ले लिया है। यह केवल और केवल समय, स्थान व धन बचाने के चक्कर में परंपरागत भवन निर्माण तकनीक को नजरअंदाज करने का परिणाम है।

औद्योगिकीकरण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के जो कार्य किए जाने थे या यों कहे कि जो सावधानी बरतनी थी उस ओर हमारा समय रहते ध्यान गया ही नहीं। गगनचुंबी इमारतों के रहवासियों के लिए प्राकृतिक धूप और प्रकाश दूर की बात होता जा रहा है। बच्चों का मिट्टी में खेलना तो दूर की बात हो गई है। देखा जाए तो हम जिस तरफ नजर घुमाते हैं उसी तरफ अब विकृतियां सामने आने लगी हैं। दरअसल बाजार संस्कृति के कारण भी हमने बहुत कुछ खोया है। आज जापान अपने यहां ओवन व ओटीजी के उपयोग पर रोक लगा रहा है। टीवी और अखबारों में दिखाई देने वाले आरओ के विज्ञापन अब कम ही दिखाई देते हैं। यहां तक कि अब आरओ के पानी से परहेज की बात की जाने लगी है। मिट्टी के बरतनों की बात की जाने लगी है तो दबी जुबान से ही सही सोशल मीडिया पर फ्रिज में रखी वस्तुओं के उपयोग के पक्ष विपक्ष में लिखा जाने लगा है। प्लास्टिक के कारण जो दुष्प्रभाव पड़ा है उस पर तो किसी तरह की बात करना ही बेमानी होगा। यह तो मात्र कुछ उदाहरण है जिन्हें हमारे दैनिक जीवन में मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा उतारा गया कि इनके अभाव में तो हम पुराने जमाने के ही रह जाएंगे। जब इनकी मार्केटिंग सेचुरेशन स्तर पर आ गई तो अब इन्हीं के इकोफ्रेण्डली वर्जन के उपयोग की बात की जाने लगी है। जैसे आम आदमी स्वयं वस्तु बन गया हो और उसे मार्केटिंग की दुनिया जिस तरह चाहे उस तरह से उपभोग की वस्तु बना रही हो।

सिंगल और डबल वियरिंग के पंखों की दुनिया आज कूलर को भी पीछे छोड़ चुकी है और कूलर का स्थान तेजी से एसी लेते जा रहे हैं। यह तेजी से आता बदलाव है जबकि हल्के से बीमार होते ही डॉक्टर की पहली सलाह ही यह होगी कि फ्रिज का पानी मत पीओं तो दूसरी और एसी का उपयोग कम करो। सवाल यह नहीं है कि विकास यात्रा थमे बल्कि नित नए विकास की बात की जानी भी चाहिए। पर सौ टके का सवाल यह है कि जब कोई नई चीज ला रहे हैं तो उसके साईड इफेक्ट पर भी तत्काल शोध होते रहना चाहिए ताकि समय रहते उसका समाधान खोजा जा सके। आखिर मार्केटिंग से परे भी तो बहुत कुछ है। हमें जलवायु परिवर्तन और अधिक गर्मी, अधिक सर्दी और अधिक बरसात के साथ ही मौसम में बदलाव के कारणों को समझना होगा। अन्यथा प्रकृति का अत्यधिक दोहन और दुरुपयोग कहीं हमारे अस्तित्व पर ही भारी नहीं पड़ जाए यह वैज्ञानिकों का समय रहते सोचना ही होगा।

# यूपी में कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करने वाले लोग आज खुद संकट में हैं

प्रदेश का कुख्यात माफिया अतीक जिसने राजनीति में भी हाथ आजमाया था वह अपने भाई अशरफ के साथ मिट्टी में मिल चुका है यद्यपि अपराध में उसके दो प्रमुख साझीदार शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम अभी फरार हैं और हजारों करोड़ रुपयों का काला साम्राज्य अभी भी जीवित है। आतंक व भय के पर्याय बन चुके अतीक व अशरफ की अब केवल कहानियां ही शेष रह गई हैं किंतु यह हत्याएं अपने पीछे कई राज भी दफन कर गई हैं और कई नयी आशंकाएं भी पैदा कर गई हैं। जब अतीक व अशरफ की हत्या का समाचार मीडिया में आया तब एकबारगी लगा कि पुलिस हिरासत व सुरक्षा के बीच इस प्रकार से यह घटना नहीं घटित होनी चाहिए थी और यह भी लगा कि यह तो पुलिस प्रशासन और खुफिया एजेसियों की घोर लापरवाही है किंतु जैसै-जैसे समय आगे बढ़ रहा है तथा इनकी आपराधिक कहानियां व दर्दनाक घटनाएं सामने आ रही हैं उससे जन सामान्य स्वाभाविक रूप से कह रहा है कि जो हुआ वह अच्छा हुआ।

माफिया अतीक पर इस समय 101 व उसके भाई अशरफ पर 52 मुकदमे चल रहे थे जिनमें से एक मुकदमे में उसको आजीवन कारावास की सजा हो चुकी थी और अन्य मामलों में उसे सजा दिलवाने के लिए रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जा रही थी और सूत्रों की मानें तो वह दोनों सजा के भय से कुछ राज बेपर्दा भी कर रहे थे। यह भी एक कड़वा सत्य था कि क्या सभी 101 मामलों में उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलती क्योंकि वह राजनीतिक रूप से संरक्षण प्राप्त माफिया था और स्वयं भी एक बार सांसद और चार बार विधायक भी रह चुका था।

एक कुख्यात माफिया अपने कुकर्मों के चलते मार दिया गया और इस बात पर देश तथा प्रदेश के तथाकथित सेक्युलर दल तथा जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं हैं उन राज्यों के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार को घेरने के लिए तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। यही नहीं इन दलों के नेता ठीक उसी प्रकार से आंसू बहा रहे हैं जिस प्रकार से कभी कांग्रेस की नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाये थे। इस बात में कोई संदेह नहीं लग रहा है कि अतीक व अशरफ की हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई है क्योंकि पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से उनसे लिंक खुलने प्रारम्भ हो गये थे और जिसके तार विपक्ष के कुछ बहुत बड़े नेताओं से जुड़ सकते थे। साजिशकताओं ने अतीक व अशरफ की हत्या कराकर एक बहुत बड़ा खेल खेलना चाहा था किंतु अब वह खेल विरोधी दलों व साजिशकताओं के खिलाफ ही जा रहा है। यह लोग सोच रहे थे कि अतीक व अशरफ की हत्या के बाद पूरा प्रदेश दंगों की आग में झुलस उठेगा और फिर योगी सरकार कमजोर होगी तथा वह नैतिक आधार पर इस्तीफा देगी, प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगेगा किंतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदियानाथ की तत्परता और प्रशासनिक कुशलता के कारण प्रदेश में कहीं कोई तनाव नहीं है वरन हर जगह शांति और संतोष का वातावरण है।

अतीक व अशरफ की मौत पर रो रहे निहित स्वार्थी व विकृत विचारधारा वाले सेक्युलर राजनैतिक दल कुख्यात माफिया अतीक अहमद के लिए "जी" शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। एआईएमआईएम पार्टी के नेता असद्दुदीन ओवैसी जैसे लोग माननीय मुस्लिम सांसद कहकर उस खतरनाक अपराधी का महिमामंडन कर रहे हैं और उसकी आड़ में अतीक के गुनाहों को कम करने का भी अपराध करते हुए अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहे हैं। इन सभी राजनैतिक दलों को लग रहा है कि ऐसा करने से वह प्रदेश में योगी सरकार की छवि को खराब करने में सफल हो जायेंगे जबकि सच्चाई यह है कि इन दलों की ऐसी हरकतों से भाजपा मजबूत हो रही है और योगी जी की छवि एक सख्त प्रशासक के रूप में सामने आ रही है। प्रदेश का जनमानस आज प्रसन्न है क्योंकि उसे लग रहा है कि बहुत दिनों बाद प्रदेश में एक ऐसी सरकार आई है जो अपराधियों व माफियाओं को मिट्टी में मिल रही है।

आज अतीक, अशरफ व उसके गुर्गों के एनकाउंटर व धरपकड़ से समाज का वह वर्ग खुशी मना रहा है जो कभी इन लोगों की प्रताड़ना का शिकार हुआ था। अतीक अहमद ने वर्ष 2005 में दलित नेता व बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल की हत्या केवल इसलिए करवाई थी क्योंकि वह अतीक के भाई अशरफ के खिलाफ चुनाव जीतकर विधायक बने थे और एक बहुत ही साधारण परिवार से आए थे। राजू पाल ने विधायक बनने के बाद अतीक से आशीर्वाद लेने के लिए अतीक को फोन किया और कहा कि भइया विधायक बन गये तो अतीक ने जवाब दिया था कि विधायक तो बन गये लेकिन अब जिंदा रहकर दिखाओ। राजू पाल की आखिरकार एक दिन हत्या हो ही गई और फिर अब उसके गवाह उमेश पाल की भी हत्या कर दी गई। बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल का परिवार 18 साल से न्याय मांग रहा था और इस बीच सपा और बसपा दोनों ही दलों की सरकारें आईं किंतु पिछड़ों और दलितों के नाम पर वोट मांगने वाले इन दलों ने कभी भी राजू पाल के परिवार के साथ न्याय नहीं किया।

अतीक अहमद एक दुर्दांत अपराधी था। विरोधियों को शांत करने के लिए वह हत्या और अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देता था। अतीक ने खौफ का साम्राज्य स्थापित किया था। इनका खौफ इतना अधिक था कि हाईकोर्ट में केस जाने के बाद जस्टिस तक अतीक मामले की सुनवाई करने से इंकार कर देते थे। आज कोई कुछ भी कह रहा हो लेकिन मन ही मन यह जज लोग भी कहीं न कहीं खुश हो रहे होंगे। इसी अतीक अहमद ने अपने घर के आसपास के हिंदुओं को मकान खाली करने का आदेश दिया था। उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव थे। अतीक का कहना था कि हिंदुओं ने कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिये हैं। अतीक के फरमान का मामला लेकर घरों के मालिक पुलिस के पास गये थे कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। प्रयागराज व उसके आसपास के जिलों के निवासियों का कहना है कि सपा सरकार के समय अतीक व उसके गुर्गों का खौफ इतना अधिक बढ़ गया था कि बहन बेटियां उनके इलाकों से जाने में डरती थीं क्योंकि यह लोग हिंदू समाज की बहन बेटियों के साथ ही नहीं अपितु मुस्लिम समाज की बेटियों के साथ भी छेड़छाड़ तथा बलात्कार जैसी जघन्य वारदातों को अंजाम देते थे और उन निरीह बच्चियों की कहीं कोई सुनवाई नहीं होती थी। आज उन बेटियों को सही और सच्चा न्याय मिल गया है और वह जहां भी होंगी वहां आनंद का उत्सव मना रही होंगी।

# व्यक्तित्व विकास से ही चारित्रिक व सामाजिक विकास संभव



प्रखर पिंडरा वाराणसी। व्यक्तिव विकास को समर्पित ख्यातिलब्ध संस्था जे सी आई जौनपुर क्लासिक ने मंडल स्तर पर व्यक्तिव विकास से सम्बंधित कार्यक्रम स्पीच क्राफ्ट का आयोजन शुक्रवार को बाबतपुर स्थित धरोहर सभागार में किया ।

जिसमे संस्था अध्यक्ष जे सी शिवम सिंह ने कार्यशाला में मंडल के अलग अलग प्रान्तों में स्थापित विभिन्न जे सी संस्थाओं से सदस्यो को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला से ज्ञान अर्जित करने हेतु आयोजित की गई है। जिससे व्यक्तित्व विकास के साथ सामाजिक विकास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरखपुर से आये जोन डायरेक्टर ट्रेनिंग जे सी संकेत ने कहाकि स्पीच क्राफ्ट एक ऐसा कार्यक्रम है जहां से व्यक्तिव विकास का पहला पायदान शुरू होता है। अपनी बात को प्रभावी रूप से रखने के लिए जितना जरूरी खुद का बोलना है उससे ज्यादा जरूरी है कि कब बोलना है और कैसे बोलना है, और यही हिचक निकाल कर अपनी बातों को प्रभावी रूप से रखने का हुनर संस्था स्पीच क्राफ्ट के माध्यम से सिखाती है । मंडलाध्यक्ष जे सी अभिनव चौरसिया ने प्रतिभागियों से स्वयं के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे संस्था में एक सदस्य के रूप में शुरू हुआ सफर स्पीच क्राफ्ट के पायदान से आज मंडलाध्यक्ष के पद तक ले कर आया है।

मुख्य अतिथि जे सी संजय कपूर ने अपने उद्बोधन में बताया की दुनिया मे बहुत सी संस्थाए है जो अलग अलग स्तर पर सामाजिक कार्य करती रहती है । परन्तु जे सी आई ही एक मात्र ऐसी संस्था है जो समाज को विकसित करने का कार्य करती है । अपने कार्यक्रमो से एक नागरिक को चैतन्य नागरिक होने तक का सफर तय कराती है जिससे कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। धन्यवाद सचिव जेसी योगेश साहू ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर जेसी अमित पांडे, जेसी राजीव साहू, जेसी रणजीत सिंह, जेसी आनंद देव वर्मा, जेसी सौरभ सिंह, जेसी रिचा गुप्ता, जेसी लक्ष्मी सिंह उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में अवैध असलहो की तस्करी करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार



प्रखर बदलापुर (जौनपुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र सरोखनपुर अंडरपास के समीप गुरुवार की रात बलिया जिले से असलहा लेकर जौनपुर में बेचने के लिए जाते समय दो बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया और पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चार तमंचा, तीन कारतूस, कुछ नकदी बरामद किया गया। हालांकि रात का समय होने के कारण एक बदमाश फरार हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर गांव में फोरलेन बाईपास के नीचे अंडरपास से पहले रात करीब 11 बजे पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी बलिया जनपद के जजौली निवासी संतोष सिंह के बाएं पैर में गोली लगी है। उसके पास से चार तमंचा, तीन कारतूस, एक खोखा व बिना नंबर की बाइक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी अवैध तरीके से असलहों की आपूर्ति करते थे। जो बटाऊबीर, शाहपुर होते हुए बदलापुर की तरफ जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ जौनपुर बलिया जिले में मिलाकर कुल 13 मुकदमें विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक विनीत राय, निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप, चौकी प्रभारी घनश्यामपुर अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल अमित कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल छट्ठू यादव, कांस्टेबल अनूप कुमार सिंह ,कांस्टेबल संदेश कुमार चौधरी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैजिक के धक्के से बाइक सवार पिता पुत्र की मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा -कठिराव मार्ग पर दबेथुवा स्थित इंटर कालेज के सामने मैजिक व बाइक के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार पिता पुत्र की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की दोपहर 2 बजे की है। बताया जाता है कि ईट भट्ठे पर काम करने वाले महेंद्र प्रसाद बनवासी 50 वर्ष अपने पुत्र फौजदार 25 वर्ष के साथ बाइक से रिश्तेदारी से घर जा रहा था। दबेथुवा स्थित देवमूर्ति शर्मा इंटर कालेज के पास सामने से आ रही स्कूली मैजिक वाहन ने अपने दाहिने जाकर बाइक को टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरने से पिता पुत्र व सिर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस के मदद से पीएचसी पिंडरा लाये जहा चिकित्सको ने पिता पुत्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुचे परिजनों ने बताया कि गांव के कुछ दूरी पर स्थित एक ईंट भट्ठे पर पिता पुत्र काम करते थे। सुबह 10 बजे घर आये और तैयार होकर रिस्तेदारी में निकल गए थे। वही घटना के बाद भाग रही एक पब्लिक स्कूल के मैजिक वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। ड्राइवर फरार हो गया। मृतक पिता पुत्र जौनपुर जिले के नेवढ़िया थाना क्षेत्र के पसियाही खुर्द के निवासी है। मृतक पिता महेंद्र के 2 पुत्रों व तीन पुत्रियों में दूसरे नम्बर पर फौजदार था। फूलपुर पुलिस ने दोनो शवो को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### जिले में 8वाँ स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका यादव को किया गया सम्मानित



प्रखर बदलापुर (जौनपुर)। माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल की परीक्षा मे घनश्यामपुर पुरानी बाजार मे संचालित प्रजेंट कोचिंग क्लासेस की छात्रा अंशिका यादव ने 96% लाकर जिले में 8वाँ स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से कोचिंग परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है तथा कोचिंग के संचालक कैलाश यादव ने अंशिका को सम्मानित किया गया। कैलाश यादव ने अपने सहायक साथियों को बधाई दी। सम्मान समारोह में कोचिंग स्टाफ शिवम् उपाध्याय, आनन्द विश्वकर्मा, अमित मौर्य, चन्द्र प्रकाश रजक आदि सभी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

### आचार्य बालकृष्ण करेंगे योग भवन का उद्घाटन, गत वर्ष बाबा रामदेव ने रखी थी आधारशिला

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पतंजलि योगपीठ के औषधि गुरु व आचार्य बालकृष्ण आगामी 2 मई को बरजी गांव में 80 लाख रुपए की लागत से बने योग भवन का उद्घाटन करेंगे। जिसकी तैयारियां भी शुरू हो गई है। बरजी स्थित बनारस पब्लिक स्कूल के परिसर में योगगुरु बाबा रामदेव ने गत वर्ष 24 अप्रैल 2022 में योग भवन का शिलान्यास किया था। आदिवासी बहुल इलाकों में काम करने वाली संस्था तथागत ट्रस्ट के बैनर तले 7 हजार वर्गफीट में 80 लाख रुपए की लागत से बने उक्त भवन में एक साथ 400 लोग बैठ कर योगा कर सकते है। उक्त भवन के उद्घाटन समारोह में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कृषि निर्यात एवं उद्यान मंत्री दिनेश सिंह, मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। तथागत ट्रस्ट के संरक्षक व सेवानिवृत्त आईएएस तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एन पी सिंह ने बताया कि उक्त भवन बहुउद्देश्यीय होगा। जिसमें योग के साथ जैविक खेती तथा आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से समय समय पर विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमे स्कूली बच्चो और आम लोगों को योग प्रशिक्षक द्वारा योग भी सिखाया जाएगा।

### मतदान के लिए आवश्यक होंगे यह दस्तावेज, प्रशासन ने दी जानकारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन का मतदान 4 मई को होना है। जिला प्रशासन ने मतदाताओं के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए बताया की वोटरों को अपना वोट देने के लिए निर्धारित पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। इनमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र, राज्य अथवा केंद्र सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा उनके कर्मचारी को जारी किए जाने वाला फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य होंगे। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन, फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस, फोटो युक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाण पत्र एवं श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड सांसदों विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र एवं राशन कार्ड ही मान्य होगा। विशेष परिस्थितियों में कोई दस्तावेज परिवार के मुखिया के पास उपलब्ध होते हैं, वह उक्त परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिए भी वैध माने जाएंगे। बशर्ते परिवार के सभी सदस्य एक साथ आते हैं और उन सदस्यों की पहचान परिवार के मुखिया द्वारा की जाती है। नगरीय निकाय के जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के आदेश पर नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु मतदान दिवस 4 मई को जनपद गाजीपुर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### बोलेरो मैजिक के टक्कर में तीन घायल, रेफर

नगरा, बलिया। नगरा रसड़ा मार्ग के सोनापाली चट्टी पर गुरुवार की सुबह बोलेरो व टाटा मैजिक के आमने सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीण तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा पहुंचाए, जहां चिकित्सकों ने तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नगरा थाना क्षेत्र के नगरा रसड़ा मार्ग पर नगरा के तरफ से कार्टून लदी टाटा मैजिक जा रही थी। अभी मैजिक सोनापाली मोड़ पर पहुंची थी कि खरुआव के तरफ से आ रही बोलेरो से आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों वाहनों में सवार 30 वर्षीय अर्जुन राजभर निवासी देवरिया तथा 25 वर्षीय प्रमोद कुमार व 30 वर्षीय मुकेश चौहान निवासी जनपद गाजीपुर घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहनों से निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा पहुंचाए, जहां गंभीर स्थिति देख चिकित्सक ने तीनों घायलों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

नगरा, बलिया। नगरा थाना क्षेत्र के ढेंकवारी गांव में बुधवार को पेंड से गिर कर हरिश्चंद्र राम 55 की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का दरवाजे पर ही आम का पेंड है। उस पर फल लगा है। वह प्रतिदिन आम तोड कर उसे बेंच कर अपना पारीवारिक खर्च चलाते थे। घटना के दिन भी वह आम तोडने पेंड पर चढे थे। अचानक पैर फिसलने से वह नीचे जा गिरे जिससे उनकी कमर व पैर में फ्रैक्चर हो गया। ब्रेन में भी चोट लगी थी। गांव के लोग उन्हे नगरा के चिकित्सक के यहां ले गये।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या मौके पर नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

प्रखर वाराणसी। मंडुवाडीह थानांतर्गत लहरतारा के मिसिरपुरा में शुक्रवार दोपहर एक युवती ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती ने आत्मघाती कदम तब उठाया जब घर में कोई नहीं था। खुदकुशी का कारण साफ नहीं है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मिली जानकारी के अनुसार मिसिरप्रिया निवासी प्रिया 18 वर्ष अपनी बड़ी बहन राधिका के साथ रहती थी। मां की बहुत पहले मौत हो चुकी है। पिता छेदी लाल सन्यासी बन गए है। स्थानीय लोगो की मुताबिक, लॉकडाउन के बाद छेदी लाल कभी घर नही आया। घर पर केवल यही दोनो बहने रहती थी। राधिका जीविकोपार्जन के लिए दूसरे घरों में झाड़ू पोछा करती है। राधिका के अनुसार शुक्रवार सुबह वह अपने काम पर चली गई। तब तक प्रिया बिल्कुल ठीक थी। राधिका दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे घर पहुंची। दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। दरवाजा नहीं खुला तो आसपास की महिलाए जुट गई। कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद अंदर से कोई आवाज नहीं मिलने पर किसी ने खिड़की से अंदर देखा तो प्रिया दुपट्टे के सहारे पंखे के हुक से लटकी दिखाई पड़ी। सूचना पर लहरतारा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह पहुंचे। चौकी इंचार्ज की सूचना पर फोरेंसिक टीम पहुंची। आत्महत्या के कारणों का पता नही चल सका है व मौके से कोई सुसाइड नोट नही मिला है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे नाथ निकेतन की सदस्यता अभियान की शुरूआत

प्रखर महराजगंज जौनपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का आगमन आज शुक्रवार के दिन जिले में हुआ जहां पं.अमर नाथ पाण्डेय अधिवक्ता उच्च न्यायालय के निवास स्थान नाथ निकेतन पर पहुंचते ही भगवान परशुराम के जय घोष से तथा मंत्रोच्चार एवं स्वस्तिवाचन पाठ के बीच भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए शंखनाद हुआ तथा कार्यक्रम की शुरूआत हुई वही प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का माल्यार्पण और अंग वस्त्र तथा दुर्गा सप्तशती पुस्तक देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई इससे पहले सदस्यता अभियान की शुरूआत सुजियामऊ गांव में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय पूर्व ब्लाक प्रमुख के यहां की गई तथा महराजगंज ब्लॉक अंतर्गत चारों और ठेंगहा गांव में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण के लिए स्थान का निरीक्षण राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया वहीं सभा को संबोधित करते हुए संगठित रहने की बात कही और वही प्रदेश की जो भी योजनाएं हैं वह जौनपुर जिले से शुरू करने की बात कही तथा भगवान परशुराम मंदिर निर्माण और धर्मशाला प्रदेश के हर जिले में बने जिसमें गरीब के बच्चे रह सके और उन्हें कंप्यूटर और कर्मकांड की शिक्षा दी जा सके जिससे आज का नव युवक विचलित ना हो और अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इस मौके पर पं. अवध नारायण तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, अमित पाण्डेय प्रदेश मीडिया प्रभारी, डॉ अतुल कुमार दुबे जिला अध्यक्ष, जगदीश उपाध्याय, श्याम मिश्रा, पंकज उपाध्याय, पं. रविशंकर मिश्र, लाल जी उपाध्याय, जनार्दन तिवारी, सुरेंद्र नाथ तिवारी, भोलानाथ मिश्र, जय नारायण दुबे,आशीष कुमार पाण्डेय, भैया लाल उपाध्याय, सियाराम उपाध्याय, राकेश मिश्रा, अमितेंद्र तिवारी, राहुल मिश्र, रमेश मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र रंकज मिश्रा,राज किशोर पांडे,कृष्णकांत पांडे तथा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## निक्षय मित्र रमेश प्रसाद त्रिपाठी कर रहे टीबी मरीजों का सहयोग

प्रखर कुशीनगर। जनपद में संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन के लिए सरकार के प्रयास को अब आम जनता का साथ मिल रहा है। सुकरौली क्षेत्र के रमेश प्रसाद त्रिपाठी निक्षय मित्र के रूप में न सिर्फ टीबी मरीजों को स्वस्थ बनाने में योगदान दे रहे हैं बल्कि कुष्ठ रोग के मरीजों की भी मदद कर रहे हैं। वे टीबी मरीजों को हर माह पोषण पोटली के साथ मानसिक संबल प्रदान करते हैं। कुष्ठ रोगियों को कम्बल बांटकर उनकी मदद भी करते हैं। एक तरफ जहां कुछ लोग कुष्ठ एवं टीबी जैसी संक्रामक बीमारी से पीड़ित मरीजों के साथ भेदभाव और तरह-तरह की भ्रांतियाँ रखते हैं, वहीं इनकी मदद के लिए आगे आकर रमेश ने एक मिसाल पेश की है। कुष्ठ विभाग में नान मेडिकल सुपरवाइजर (एनएमएस) के पद पर तैनात 57 वर्षीय रमेश अब तक चार बार में छह मरीजों को गोद ले चुके हैं। उनकी मदद से एक टीबी मरीज स्वस्थ हो चुका है, और पांच उपचाराधीन हैं। वह बताते हैं कि अक्टूबर 2022 में निक्षय मित्र योजना के बारे में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक ( एसटीएस) राकेश कुमार सोनकर से जानकारी मिली। उन्होंने गरीब टीबी मरीजों को गोद लेने की इच्छा जताई, तो अक्टूबर 2022 माह में एक मरीज को गोद लिया। उसके बाद तीन बार में पांच अन्य मरीजों को गोद लिया। रमेश गोद ले चुके मरीजों से हर महीने मुलाकात करते हैं और उन्हें पोषक सामग्री जैसे दाल , चना, मूंगफली, गुड़, च्यवनप्राश आदि देते हैं। इलाज, दवा, पोषण पोटली, मानसिक संबल और सरकारी प्रावधानों का लाभ पाकर एक मरीज स्वस्थ हो चुका है। रमेश का मानना है - सामग्री देने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि मरीजों से बातचीत कर उनके मन में यह भाव पैदा किया जाए कि टीबी से स्वस्थ होने के प्रयास में उनके साथ स्वास्थ्य प्रणाली और निक्षय मित्र भी हैं वह कहते हैं कि उनकी पुरानी पीढियां भी जड़ी बूटी की दवा बना कर लोगों की सेवा करते थे, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वर्ष 2018 से वह लगातार हर साल दो अक्टूबर (गांधी जयंती) तथा 30 जनवरी को 30-35 कुष्ठ रोगियों को कंबल और गमछा वितरित करते हैं। देवतहा सीएचसी के एसटीएस राकेश कुमार सोनकर की प्रेरणा से अक्टूबर 2022 से टीबी रोगियों को गोद लेना शुरू कर किया। वह इन मरीजों से उनके घर जाकर तथा फोन करके हाल चाल लेते हैं और भरोसा देते हैं कि नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेते रहने से बीमारी ठीक हो जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवतहा के वरिष्ठ पर्यवेक्षक राकेश कुमार सोनकर बताते हैं कि रमेश द्वारा गोद लिए गए 14 से 32 आयु वर्ग के सभी मरीज आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग से आते हैं और उन्हें पोषण के साथ मानसिक सहयोग की आवश्यकता थी।

## जनपद में टॉपर छात्रों को चंदौली पुलिस ने अग्रिम कक्षा की पुस्तकें भेंट की



चंदौली। चन्दौली पुलिस ने जनपद में हाईस्कूल टापर बेटी का सम्मान कर दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं, कम्युनिटी पुलिसिंग के अन्तर्गत अग्रिम कक्षा की पुस्तकें की सप्रेम भेंट की बता दें कि कुमारी स्वेता यादव पुत्री श्री संतोष यादव निवासी ग्राम सिहावल थाना धानापुर जनपद चन्दौली ,जो अमरवीर इण्टर कालेज धानापुर मे शिक्षारत हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वर्ष 2023 से कक्षा - 10 की परीक्षा मे जनपद चन्दौली मे 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की है। आज दिनांक 27/04/2023 को क्षेत्राधिकारी सकलडीहा श्री राजेश कुमार राय थाना प्रभारी धानापुर के साथ उक्त छात्रा के उत्साहवर्धन हेतु उसके निवास ग्राम सिहावल पहुँचकर परिजनों की उपस्थिति मे स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित कर इस उपलब्धि हेतु बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर कम्युनिटी पुलिसिंग के अन्तर्गत उपहार स्वरूप कक्षा 11 की पुस्तकें भेट की।

# जिलाधिकारी ने किया सत्र न्यायालय का निरीक्षण, साफ सफाई का दिया निर्देश




बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर के साथ जिला एवम सत्र न्यायालय बलिया का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने पानी, बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को निर्देश दिया कि की सभी आरो प्लांट सही से काम करें और सभी को स्वच्छ जल मिले। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया शौचालयों की व्यवस्था ठीक कराई जाए और वहां पर साफ सफाई की व्यवस्था भी रखी जाए। जिलाधिकारी ने सत्र न्यायालय में भवनों का निरीक्षण किया और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनकी मरम्मत कराई जाए साथ ही रंगाई पुताई का काम करवाया जाए। प्रभारी जनपद न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को बताया कि सत्र न्यायालय में वाहन खड़े करने की जगह का अभाव है अतः इसकी व्यवस्था कराई जाए। इस अवसर पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्रा , अतिरिक्त जनपद न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी के अलावा ईओ नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी तथा बिजली विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे।

## बगैर लाइसेंस के मेडिकल दुकान चलाने की शिकायत पर जांच

बलिया। बगैर लाइसेंस के मेडिकल की दुकान चलाने की लिखित शिकायत पर औषधि विभाग की टीम गुरुवार को मेडिकल की दुकान पर पहुंच गयी और कागजातों की जांच की। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के यहाँ लिखित शिकायत में कहा कि मनियर के पिलुई चट्टी पर बगैर लाइसेंस के खुशी मेडिकल स्टोर के दुकान का संचालन हो रहा है। इस शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल कार्यवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल और वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय पिलुई चट्टी पर स्थित खुशी मेडिकल स्टोर पर पहुंचे और रजिस्ट्रेशन व अन्य कागजातों की जांच की। जिसमे औषधि का लाइसेंस पाया गया। जो कमियां पाई गई उसकी जांच आख्या रिपोर्ट सहायक आयुक्त आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ को प्रेषित किया जा रहा है।





# कोविड में चिकन सूप भी लाभप्रद


क्वींसलैंड (द कन्वरसेशन)। क्या खाना है यह तय करना मानसिक रूप से कठिन हो सकता है, खासकर जब आप ठीक महसूस नहीं कर रहे हैं। हालांकि, हमारा आहार हमारे स्वास्थ्य को खराब होने से बचाता है और कोविड सहित तमाम बीमारियों की रोकथाम में मदद करता है। स्वस्थ आहार लेने से कोविड का जोखिम कम होता है और, यदि आपको कोविड है, तो स्वस्थ आहार लेने से आपको इसके हल्के लक्षणों का ही सामना करना पड़ेगा। जब हम बीमार होते हैं तो भोजन के बारे में सोचना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि, संक्रमण से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका अपने शरीर को ऐसे खाद्य पदार्थ प्रदान करना है जो आपको ठीक करने में सबसे ज्यादा योगदान करते हैं। ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और विभिन्न प्रकार के प्रोटीन शरीर को आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करने में सहायता करते हैं।

### चिकन सूप या ऐसी ही किसी चीज के बारे में क्या?

- कोविड से बीमार होने पर आपके शरीर को आवश्यक सभी पोषण प्राप्त करने का एक शानदार तरीका घर का बना चिकन सूप, चिकन एवोलेमोनो, चिकन कांजी या इसी तरह के अन्य व्यंजन हैं।

### चार अच्छे कारण

- इसे बनाना आसान और सस्ता है।
- चिकन सूप के बारे में अच्छी बात यह है कि आप इसे एक पैन (या कुकर में) में बना सकते हैं, सभी सामग्रियों को एक साथ डाल दें और इसे उबलने दें।
- चिकन सूप पोषक तत्वों का भंडार होता है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।



- अवशोषित करना आसान है।
- उबलने की प्रक्रिया सामग्री में पाए जाने वाले पोषक तत्वों को छोड़ती है और इन महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के पाचन और अवशोषण में सहायता करती है।
- यह विटामिन और खनिजों से भरपूर है इसमें आयरन, मैग्नीशियम, सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, क्रोमियम, कॉपर, जिंक, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी6 और विटामिन बी12 पाया जाता है।
- चिकन सूप का लजीज स्वाद चिकन सूप में पाए जाने वाले सत्रह विभिन्न अमीनो एसिड द्वारा बढ़ाया जाता है। ये अमीनो एसिड आपके इम्यून सिस्टम को भी ताकत प्रदान करते हैं।
- पोषण प्रतिरक्षा स्वास्थ्य का समर्थन कर सकता है लेकिन यह एकमात्र उत्तर नहीं है।

### डाइट

ऑस्ट्रेलियन गाइड टू हेल्दी ईटिंग का सुझाव है कि हम हर दिन कई तरह के ताजे खाद्य पदार्थ खाते हैं जिनमें शामिल हैं फल के दो सर्व और सब्जियों के पांच सर्व, साबुत अनाज, जैसे कि साबुत पास्ता, ब्राउन राइस या मोटे अनाज वाली ब्रेड। स्वस्थ वसा, जैसे एवोकाडो या जैतून का तेल। मांस और मांस के विकल्प (जैसे पतला मांस, चिकन, टोफू या फलियां) और डेयरी (जैसे पनीर या दूध)। हर दिन इस प्रकार के खाद्य पदार्थ खाने से हमारे शरीर को संक्रमण से लड़ने और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने में मदद मिलती है। नमक और चीनी के उच्च स्तर और प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले पोषण की कमी के कारण इस प्रकार के खाद्य पदार्थों से बचने को भी प्रोत्साहित किया जाता है।

### अन्य सावधानियां

- एक कोविड संक्रमण का इलाज और प्रबंधन करने का सबसे अच्छा तरीका है कि सबसे पहले इससे बचा जाए। इसलिए साफ सफाई की आदत याद रखें, जैसे अपने हाथों को नियमित रूप से धोना, और अपने अनुशंसित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करना। एक स्वस्थ जीवन शैली का अभ्यास करने से केवल कोविड का ही जोखिम कम नहीं होगा, बल्कि अन्य बीमारियों के जोखिम भी कम होंगे। स्वस्थ जीवन शैली में धूम्रपान या वेपिंग नहीं करना, स्वस्थ शारीरिक गतिविधि की आदतों को बनाए रखना, पर्याप्त नींद लेना और शराब का सेवन कम करना शामिल है। शराब के अधिकतम सेवन की वर्तमान सिफारिश एक सप्ताह में दस मानक पेय है, और एक दिन में चार मानक पेय से अधिक नहीं है।



21 वीं सदी की सबसे बड़ी व्यवहारिक लत चुनौतियों में से एक

फोन के प्रति हमारा सर्व-उपभोक्ता दृष्टिकोण इतना चिंताजनक हो गया है कि समस्याग्रस्त मोबाइल फोन उपयोग (पीएमपीयू) को ऑस्ट्रेलियन साइकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा 21 वीं सदी की सबसे बड़ी व्यवहारिक लत चुनौतियों में से एक के रूप में पहचाना गया है। वयस्क हर समय अपने फोन का उपयोग करते हैं, खासकर उन जगहों पर जहां उन्हें नहीं करना चाहिए। शिक्षा कंपनी उडेमी द्वारा 2018 के एक अध्ययन से पता चला है कि सहस्राब्दी (कई स्कूल-आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता) ने कार्यदिवस के दौरान व्यक्तिगत गतिविधियों के लिए दिन में दो घंटे अपना फोन चेक किया। 40-घंटे का सप्ताह 30-घंटे के कार्य सप्ताह में बदल गया है, साथ ही आपके फोन पर दस घंटे लगे।

### वयस्क भी हैं आदी

वयस्कों के रूप में हमें मोबाइल फोन पर लगे प्रतिबंध का सामना करना बहुत मुश्किल लगता है। हमें पकड़ने के लिए अब सैकड़ों छिपे हुए मोबाइल फोन डिटेक्शन कैमरे हैं क्योंकि हम पर भरोसा नहीं किया जा सकता है कि हम गाड़ी चलाते समय अपने फोन का इस्तेमाल न करें। इन कैमरों ने पिछले साल करीब 6.6 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना वसूल किया था। यह पिछले वर्ष की तुलना में 40 लाख अमरीकी डालर की वृद्धि थी। यह दिखाता है कि कैसे वयस्कों में फोन के उपयोग को कम करने के लिए प्रतिबंध या मनमाना दंड काम नहीं आ रहा है।

# फोन का इस्तेमाल बच्चों के लिए बुरा भी नहीं

सिडनी (द कन्वरसेशन)। स्कूल में फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध बच्चों के प्रौद्योगिकी उपयोग में सहज होने से जुड़ा है। लेकिन अगर हम फोन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो यह जानना मुश्कल होगा कि हमारे बच्चे तकनीक के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाना कब और कैसे सीखते हैं, जो दिन पर दिन अधिक तकनीक केंद्रित होता जा रहा है? स्कूल में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध का पूरे ऑस्ट्रेलिया में प्रभाव देखा गया है। अधिकांश राज्यों में अब पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध हैं। विक्टोरिया ने 2020 की पहली टर्म के बाद से प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया है।



यदि एक राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाया जाता है, तो इसका मतलब यह होगा कि देशभर के सभी सरकारी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों में छात्रों को स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा या पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। समान राष्ट्रीय दृष्टिकोण वाले देशों में चीन, फ्रांस और स्वीडन शामिल हैं। यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका सहित कई देश निजी स्कूलों को उनकी जरूरतों के अनुसार अपनी नीति बनाने का हक देते हैं। क्लेयर का कहना है कि वह फोन के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण को प्राथमिकता देंगे और अपने दम पर निर्णय नहीं लेंगे, माता-पिता से बात करेंगे, प्रिंसिपल से बात करेंगे, शिक्षकों से बात करेंगे कि सबसे अच्छा तरीका क्या है।

इस कतार से छात्रों का नाम गायब है जबकि उनपर ही इस फैसले का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। जैसा कि विदेशों में फोन पर प्रतिबंध के अध्ययन से पता चलता है, बच्चों के विचार अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाना कुछ माता-पिता के अनुसार ठीक है, क्योंकि ऐसा लगता है कि उन्हें स्कूली बच्चों द्वारा प्रौद्योगिकी के गलत इस्तेमाल का यह स्पष्ट हल लगता है। लेकिन बच्चों की प्रौद्योगिकी के उपयोग को कैसे नियंत्रित किया जाए, इस बारे में कोई उपाय न होने के कारण ही माता पिता स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक की वकालत करते हैं।

### प्रतिबंध के बाद बच्चों की बदमाशी या कक्षा में व्यस्तता में कोई बदलाव नहीं

स्कूल में फोन पर प्रतिबंध लगने के बाद उपलब्ध अल्प शोध से पता चलता है कि इससे बच्चों की बदमाशी या कक्षा में व्यस्तता में कोई बदलाव नहीं आया है। 2022 के एक स्पैनिश अध्ययन ने यह कहने का प्रयास किया कि प्रतिबंधों से बेहतर शैक्षणिक परिणाम सामने आए हैं। लेकिन अध्ययन के सावधानीपूर्वक पढ़ने में, छात्रों को शैक्षिक उद्देश्यों के लिए सीखने के उपकरण के रूप में स्कूलों में फोन का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। इस बीच, प्रतिबंधों से यह संभावना बनती है कि हम अपने बच्चों को उन कौशलों के बिना छोड़ देंगे जिनकी उन्हें तकनीक से भरी दुनिया में सीखने, काम करने और रहने में सक्षम होने की आवश्यकता है। इसमें उनका घर और शयनकक्ष शामिल है जहां वे स्कूल के बाद अपना होमवर्क करते हैं।

## रिलीज होगी 'कौन अपना कौन पराया'

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म कौन अपना कौन पराया 28 अप्रैल को रिलीज होगी। श्री पद्मावती पिक्चर्स के बैनर तले बनीं भोजपुरी पारिवारिक फिल्म कौन अपना कौन पराया 28 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्माता जगदीश के अजानी का कहना है कि फिल्म समाज का एक आईना होता है,समाज में जो घटना होती है उसे हम पर्दे पर रूबरू दिखलाने का कोशिश करते आ रहे हैं।




निर्देशक अरविंद चौबे ने कहा, मेरे लिए कल्लू हमेशा से लक्की साबित हुए है। हम दोनो की ट्यूनिंग बड़ी ही गजब है। इस फिल्म में वह डबल किरदार में नजर आने वाले है। फिल्म को हमने पूरी शिद्दत के साथ बनाई है। फिल्म के मुख्य किरदार में अरविंद अकेला कल्लू,रक्षा गुप्ता,मणि भट्टाचार्य, माया यादव एवं अन्य है, लेखक सलिल सुधाकर हैं।

## एनटीआर जूनियर ने अल्लू अर्जुन से की मुलाकात

मुंबई (आईएएनएस)। सुपरस्टार एनटीआर जूनियर हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 के सेट पर अल्लू अर्जुन से मिलने पहुंचे। पुष्पाः द रूल के सेट से आरआरआर स्टार की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि एनटीआर जूनियर सेट पर क्यों आए। पुष्पा की पहली किस्त में अल्लू अर्जुन ने एक ट्रक ड्राइवर की भूमिका निभाई थी, जो लाल चंदन की तस्करी करता है और अंततः एक बड़े पद पर पहुंच जाता है। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं, जिन्होंने श्रीवल्ली का किरदार निभाया। पुष्पा 2ः द राइज की कहानी अल्लू अर्जुन और फहद फासिल के इर्द-गिर्द घूमेगी। एनटीआर जूनियर वर्तमान में एक तेलुगू फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर है, जो तेलुगू इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। यह इस साल के अंत में रिलीज होगी। यह भी बताया गया है कि अभिनेता वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। वॉर 2 से एनटीआर जूनियर हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगे।

## जब वी मेट के लिए बॉबी देओल पहली पसंद थेः भूमिका चावला

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमिका चावला का कहना है कि उन्हें फिल्म जब वी मेट के लिए बॉबी देआल के अपोजिट कास्ट किया गया था। इम्तियाज अली ने शाहिद कपूर और करीना कपूर को लेकर सुपरहिट फिल्म जब वी मेट बनाई थी। भूमिका चावला ने बताया है कि फिल्म जब वी मेट में पहले उन्हें बॉबी देओल के अपोजिट कास्ट किया गया था। लेकिन बाद में उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया।



भूमिका चावला ने बताया कि, एक ही बार मुझे बुरा लगा था, जब मैंने 'जब वी मेट' साइन की और नहीं हुई। मैं और बॉबी देओल इस फिल्म के लिए पहली पसंद थे। तब इसका नाम ट्रेन रखा जाना था। इसके बाद मेरी और शाहिद कपूर की जोड़ी बनी। फिर फिल्म में आयशा टाकिया आई और फिर लास्ट में इम्तियाज अली ने करीना कपूर को शाहिद कपूर के अपोजिट साइन किया। भूमिका चावला ने कहा कि, फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी चीजें होती रहती हैं। मुझे बस एक बार बुरा लगा लेकिन फिर में आगे बढ़ गई। मैं अब इस बारे में ज्यादा नहीं सोचती हूं। मैंने मुन्ना भाई एमबीबीएस भी साइन की थी लेकिन ये नहीं बनी।



## आवारा पागल दीवाना 2 में नजर आएंगी संजय दत्त-अरशद वारसी की जोड़ी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और अरशद वारसी की सुपरहिट जोड़ी सुपरहिट फिल्म आवारा पागल दीवाना 2 में नजर आ सकती है। बॉलीवुड फिल्मकार फिरोज नाडियाडवाला सुपरहिट फिल्म आवारा पागल दीवाना का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। आवारा पागल दीवाना में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल और जॉनी लीवर की अहम भूमिका होगी। इस फिल्म में संजय दत्त और अरशद वारसी की एंट्री भी हो गई है। ऐसे में फिल्म में जबरदस्त धमाल होने वाला है। बताया जा रहा है कि फिरोज नाडियाडवाला कई अन्य कलाकारों को फिल्म में लेने का मन बना रहे हैं। इस समय सभी टेक्निकल क्रू पर काम कर रहे हैं जिससे लोकेशन पर शूट अच्छी हो। फिरोज नाडियाडवाला कलाकारों के साथ बैठकर डेट पर काम करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस वर्ष या अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी।



## बदलाव ही काम को मजेदार बनाता है : कुणाल खेमू

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्टर कुणाल खेमू को हाल ही में कॉमेडी ड्रामा स्ट्रीमिंग सीरीज पॉप कौन और स्ट्रीमिंग फिल्म कंजूस मक्कीचूस में देखा गया था। उनका मानना है कि बहुमुखी प्रतिभा बनाए रखना उबाऊ काम से बाहर निकलने और काम को मजेदार बनाने का तरीका है। अपनी पहली फिल्म कलयुग और ढोल, गोलमाल सीरीज, गो गोवा गॉन, अभय जैसे प्रोजेक्ट के साथ एक्टर अलग-अलग शैलियों में काम कर रहे हैं, भले ही यह एक थ्रिलर, ड्रामा, मर्डर मिस्ट्री हो या कॉमेडी।



कॉमेडी में भी उन्होंने सिचुएशनल कॉमेडी, डार्क कॉमेडी, फैमिली और स्लैपस्टिक कॉमेडी जैसी शैलियों के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। एक्टर ने साझा किया कि कैसे उन्होंने रूढ़िवादिता को तोड़ा। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरूआत की तो मुझे केवल सीरियस रोल्स के ऑफर्स दिए गए। फिर मुझे ढोल फिल्म का ऑफर आया। ढोल करने के बाद, मैंने 99, गोलमाल और गो गोवा गॉन की और फिर जो रोल आए उनमें से 90 प्रतिशत सभी कॉमेडी थे। दिलचस्प बात यह है कि उसी साल मुझे कलंक, मलंग और अभय की पेशकश की गई।

इन फिल्मों के बारे में बात करते हुए, कुणाल ने कहा, ये सभी बदलाव मेरे द्वारा किए गए कॉमेडी रोल की वजह से थे। एक व्यक्ति को विभिन्न शैलियों में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि यह आपको एक बेहतर कलाकार बनने में मदद करता है। एक्टर को अगली बार द फैमिली मैन फेम राज-डीके द्वारा अभिनीत गुलकंद टेल्स में देखा जाएगा और वह वर्तमान में अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं।

## नेपोटिज्म के कारण इंडस्ट्री में आगे नहीं जा सकते आलिया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेी आलिया भट्ट का कहना है कि नेपोटिज्म (भाईभतीजावाद) के कारण आपको इंडस्ट्री में शुरूआत मिल सकती है लेकिन आप आगे नहीं जा सकते हैं। आलिया भट्ट ने नेपोटिज्म पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आलिया ने स्वीकार किया कि नेपोटिज्म के कारण उन्हें आसान शुरुआत मिल गई थी। आलिया ने यह कहा। केवल नेपोटिज्म के दम पर ही आप इतनी दूर तक नहीं आ सकते है क्योंकि आखिर में दर्शक की पसंद ही मायने रखती है। आलिया भट्ट ने कहा, केवल एक काम जो मैं कर सकती थी कि वो था कि मैं अपने काम को बेहतर करूं, जिससे यह साबित हो जाए कि मैं इस इंडस्ट्री के लिए ही बनीं हूं। हां, इससे मुझे आसान शुरुआत तो मिल गई लेकिन फिर यह आपके हाथ में है कि आप कैसे काम करते हैं। वास्तव में ऑडियंस ही टैलेंट की सबसे अच्छी जज होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचयूएल का लाभ बढ़ा
नई दिल्ली। रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2023 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 12.74 प्रतिशत बढ़कर 2,601 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,307 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी बिक्री आय 10.83 प्रतिशत बढ़कर 14,926 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,468 करोड़ रुपए थी।

### जेटीएल को दोगुना मुनाफा
नई दिल्ली। स्टील पाइप कंपनी जेटीएल इंडस्ट्रीज का बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 36.65 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आमदनी बढ़ने से कंपनी का मुनाफा भी बढ़ा है। जेटीएल इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 18.94 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 473.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 417.64 करोड़ रुपए थी। कंपनी का कुल खर्च भी बढकर 422.73 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### मेटा को हुआ मुनाफा
सैन फ्रांसिस्को। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा का पहली तिमाही का मुनाफा और आमदनी वाल स्ट्रीट की उम्मीदों से ज्यादा रही है। इसके चलते कंपनी के शेयर में जोरदार उछाल आया है। मेटा ने बताया कि उसके प्रमुख मंच फेसबुक के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या भी तीन अरब के पास पहुंच गई है। मेटा प्लेटफार्म्स इंक. ने बुधवार को कहा कि जनवरी-मार्च की तिमाही में उसका मुनाफा 5.71 अरब डालर या 2.20 डालर प्रति शेयर रहा। यह एक साल पहले की समान अवधि के 7.47 अरब डालर या 2.72 डालर प्रति शेयर के मुनाफे से 19 प्रतिशत कम है।

### SIL का जिंदल में विलय
नई दिल्ली। हैदराबाद स्थित सतवहन इस्पात लिमिटेड (एसआईएल) का दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत इस्पात पाइप बनाने वाली कंपनी जिंदल सॉ में विलय कर दिया गया है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के मुताबिक, जिंदल सॉ ने कर्ज में डूबी सतवहन इस्पात के लिए एक समाधान योजना पेश की थी। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की हैदराबाद पीठ ने इस महीने की शुरुआत में मंजूरी दे दी थी। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक, 'स्वीकृत समाधान योजना के तहत सतवहन इस्पात लिमिटेड का 26 अप्रैल, 2023 को जिंदल सॉ लिमिटेड (एसआरए) में विलय हो गया है।'

### कोफोर्ज का शुद्ध लाभ घटा
नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कोफोर्ज ने बृहस्पतिवार को बताया कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 45 प्रतिशत घटकर 115 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने साथ ही कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान उसकी आय एक अरब डालर से अधिक रही। एकमुश्त खर्च को छोड़कर चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 232.7 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 12.1 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में एक अरब डालर आय का लक्ष्य हासिल करने पर खुशी जताते हुए अपने 21,000 कर्मचारियों में प्रत्येक को एपल आईपैड उपहार में दिया है।(एजेंसियां)

# सीमित भूमि के बावजूद बढ़ाना होगा खाद्यान्न उत्पादन

■ इसके लिए छोटे किसानों तक पहुंचानी होगी नई कृषि तकनीक
■ देश के हर छोटे-बड़े किसानों तक पहुंचानी होगी कृषि मशीनरी
■ नई पीढ़ी के लोगों को भी कृषि के लिए करना होगा जागरूक
■ इन सभी कार्यों के लिए मदद मुहैया करा रही है केंद्र सरकार



नई दिल्ली (वार्ता)।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने छोटे किसानों को तकनीक और मशीनरी का लाभ दिए जाने पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सीमित भूमि के बावजूद खाद्यान का उत्पादन बढ़ाते रहना होगा।

तोमर ने कन्फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) तथा ट्रैक्टर एंड मैकेनाइजेशन एसोसिएशन (टीएमए) के फार्म मशीनरी टेक्नालॉजी पर आयोजित शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में लगभग 85 प्रतिशत छोटे किसान हैं, जिन्हें तकनीक व मशीनरी का लाभ मिलना चाहिए। कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम) के तहत प्रशिक्षण, परीक्षण, सीएचसी, हाई-टेक हब, फार्म मशीनरी बैंकों (एफएमबी) की स्थापना जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक राज्यों को 6120.85 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है, वहीं राज्य सरकारों के माध्यम से ट्रैक्टर, पावर टिलर और स्वचालित मशीनरी सहित सब्सिडी पर 15.24 लाख कृषि मशीनरी और उपकरण वितरित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि 2050 तक जो आबादी बढ़ेगी, उस आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए रोडमैप बनाना है और बदलते राजनीतिक परिदृश्य में दुनिया में भारत की बढ़ती महत्ता के अनुसार अपने देश के साथ ही अन्य देशों की जरूरतों की पूर्ति की चिंता भी करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब हम उत्पादन की प्रतिस्पर्धा में है तो हमें अपने ही देश के पिछले वर्षों के आंकड़ों की बजाए विदेशों के उत्पादन से तुलना कर इसे बढ़ाना चाहिए। भूमि कम होने पर भी खाद्यान्न का उत्पादन हमें बढ़ाते ही रहना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि फालतू पड़ी जमीनों को भी खेती योग्य बनाना चाहिए तथा समय की मांग के अनुसार कृषि के प्रति नई पीढ़ी का आकर्षण भी बढ़ाने की आवश्यकता है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है। ई-नाम मंडियों के माध्यम से भी किसानों की बाजार तक पहुंच बढ़ाई गई है तथा कृषि क्षेत्र की गैप्स भरी जा रही है, जिसके लिए कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के पैकेज दिए गए है। उन्होंने जल बचत करते हुए सूक्ष्म सिंचाई जैसी टेक्नालॉजी को अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## चारधाम यात्रा स्थलों पर जियो की 5जी सेवा शुरू

देहरादून (भाषा)।

दूरसंचार सेवाप्रदाता रिलायंस जियो ने उत्तराखंड में स्थित चारधाम यात्रा परिसरों में 5जी सेवाएं शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

जियो ने कहा कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के चेयरमैन अजेंद्र अजय ने बदरीनाथ में ट्रू 5जी सेवा की शुरुआत की। बदरीनाथ धाम के कपाट भी खुल गए हैं। चारधाम की यात्रा में बदरीनाथ के अलावा केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम भी शामिल हैं। देश भर से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम की यात्रा के दौरान जियो के 5जी नेटवर्क से जुड़कर अत्याधुनिक दूरसंचार सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

# 1000 से ज्यादा पायलटों की नियुक्तियां करेगी एयर इंडिया

■ कंपनी ने एयरबस को दिया है 470 विमानों की खरीद का आर्डर
■ फिलहाल कंपनी के पास उपलब्ध हैं करीब 1800 पायलट
■ नए विमान आने के बाद पड़ेगी एक हजार से ज्यादा पायलट की जरूरी
■ एयर इंडिया ने बोइंग को भी दिया है नए विमानों की खरीद का आर्डर
■ एयर इंडिया ने 17 अप्रैल को पेश किया था पालयटों का नया वेतनमान

नई दिल्ली (भाषा)।



टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया (एआई) अपने बेड़े और नेटवर्क के विस्तार के लिए 1,000 से अधिक पायलटों की नियुक्त करेगी। इनमें वरिष्ठ पायलटों के अलावा प्रशिक्षु शामिल होंगे।

एयर इंडिया ने बोइंग और एयरबस को 470 विमानों का आर्डर दिया है। इनमें बड़े आकार के विमान भी शामिल हैं। कंपनी के पास अभी 1,800 से अधिक पायलट हैं। एयरबस के आर्डर में 210 ए320/321 नियो/एक्सएलआर और 40 ए350-900/1000 विमान शामिल हैं। वहीं बोइंग को एयरलाइन ने 190 737-मैक्स, 20 787एस और 10 777 विमानों का आर्डर दिया है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। एयर इंडिया द्वारा बृहस्पतिवार को निकाले गए एक विज्ञापन के अनुसार, एयरलाइन अब 1,000 से अधिक पायलटों की भर्ती कर रही है। कंपनी ने कहा कि 500 ??से अधिक विमान इसके बेड़े में शामिल हो रहे हैं।

एयर इंडिया ने 17 अप्रैल को अपने पायलटों और चालक दल के सदस्यों के लिए एक नया वेतन ढांचा पेश किया था। हालांकि, दोनों पायलट यूनियनों...इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन (आईसीपीए) और इंडियन पायलट्स गिल्ड ने इसे खारिज कर दिया था। पायलट यूनियनों ने कहा है कि एयरलाइन ने नए अनुबंधों को अंतिम रूप देने से पहले उनके साथ बातचीत नहीं की है।

## जीसीपीएल कर सकती है रेमंड के एफएमसीजी कारोबार का अधिग्रहण

नई दिल्ली (भाषा)।

दैनिक उपभोग वाले उत्पाद (एफएमसीजी) क्षेत्र से जुड़ी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) विविध कारोबार से जुड़े समूह रेमंड के एफएमसीजी कारोबार का अधिग्रहण करने जा रही है।

उद्योग जगत के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को इस संभावित सौदे की जानकारी देते हुए कहा कि गोदरेज समूह की कंपनी जीसीपीएल को इस अधिग्रहण से अपना पोर्टफोलियो मजबूत करने में मदद मिलेगी और वह यौन स्वास्थ्य से जुड़े खंड में प्रवेश कर पाएगी। रेमंड के एफएमसीजी कारोबार रेमंड कंज्यूमर केयर में पार्क एवेन्यू और कामसूत्र जैसे मशहूर ब्रांड शामिल है। हालांकि इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए भेजे गए ईमेल का दोनों पक्षों में से किसी ने भी जवाब नहीं दिया। लेकिन सूत्रों ने कहा कि इस सौदे की घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

एफएमसीजी उद्योग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, रेमंड अपना एफएमसीजी कारोबार बेचने की कोशिश में पिछले कुछ वर्षों से लगी हुई थी। इस सिलसिले में उसकी चर्चा गुड ग्लैम ग्रुप के साथ भी हुई थी लेकिन वह सौदा अंजाम तक नही पहुंच पाया था। वहीं गोदरेज समूह की फर्म जीसीपीएल अपना विस्तार करने की कोशिश में लगी हुई है। उसने बीब्लंट का भी अधिग्रहण किया है।


# बैंकों के कारोबारी माडल पर आरबीआई की नजर

■ बैंकों की खराब रणनीतियों से खड़ा हो सकता है बड़ा संकट : दास

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक घरेलू ऋणदाताओं के 'कारोबार के माडल' पर नजदीकी नजर रखे हुए है क्योंकि खराब रणनीतियों से एक बड़ा संकट खड़ा हो सकता है।

दास ने अमेरिका में हाल की घटनाओं के लिए खराब कारोबारी माडल को भी एक वजह बताते हुए कहा कि भारत की बैंकिंग प्रणाली मजबूत बनी हुई है और वैश्विक घटनाक्रमों का इसपर खास प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला है। उनका यह बयान सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के कुछ सप्ताह बाद आया है। इस घटनाक्रम से अमेरिका और यूरोप के वित्तीय क्षेत्र में संकट की स्थिति पैदा हो गई है। दास ने कहा कि अमेरिका के हाल के घटनाक्रमों से यह सवाल खड़ा हुआ है कि क्या व्यक्तिगत बैंकों का कारोबारी माडल सही था।



■ अमेरिका में बैंक डूबने की हाल की घटनाओं की वजह बैंकों का खराब कारोबारी माडल भी
■ कई अर्थव्यवस्थाओं में पैदा वित्तीय अस्थिरता का असर देश की वित्तीय प्रणाली पर नहीं

रिजर्व बैंक प्रवर्तित 'कॉलेज आफ सुपरवाइजर्स' द्वारा वित्तीय क्षेत्र की मजबूती पर एक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा, 'भारत की वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई और कुछ आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय अस्थिरता का इस पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा है।' उन्होंने कहा, 'रिजर्व बैंक ने अब बैंकों के कारोबारी माडल पर नजदीकी निगाह रखनी शुरू की है। इनमें किसी तरह की खामी से संकट पैदा हो सकता है।' दास ने कहा कि कारोबारी माडल कई बार बैंक के बही-खाते के कुछ हिस्सों के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, जो बाद में एक बड़ा संकट बन सकता है।

दास ने कहा, 'रिजर्व बैंक के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि अत्यंत संकट वाली स्थिति में भी भारतीय बैंक पूंजी पर्याप्तता अनुपात को न्यूनतम जरूरत से ऊपर रखने में सफल रहेंगे।' उन्होंने बैंकों के प्रबंधन और निदेशक मंडल से नियमित रूप से वित्तीय जोखिम का आकलन करें और पर्याप्त पूंजी और तरलता 'बफर' बनाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि बैंकों की लगातार मजबूती और सतत वृद्धि के लिए यह न्यूनतम नियामकीय जरूरत से अधिक होना चाहिए। गवर्नर ने अंशधारकों को सतर्क करते हुए कहा कि दुनियाभर में परंपरा से हटकर नीतियां अपनाई जा रही है। ऐसे में वित्तीय क्षेत्र में किसी तरह का 'आश्चर्य' कही से भी देखने को मिल सकता है।

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक भविष्य के लिए भारतीय वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने और इसकी सतत वृद्धि को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। गवर्नर ने कहा कि भारतीय बैंकों ने हाल के समय में दबाव और पूंजी बफर के मोर्चे पर सुधार दर्ज किया है। बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां अनुपात दिसम्बर, 2022 में घटकर 4.41 प्रतिशत रह गया है, जो मार्च, 2022 में 5.8 प्रतिशत और 31 मार्च, 2021 को 7.3 प्रतिशत था।

# अमेरिकी कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण है भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था

■ अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप की राय

वाशिंगटन (भाषा)।

भारत की आर्थिक वृद्धि अमेरिकी कंपनियों के लिए अवसर प्रदान करने के अलावा द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने में मददगार है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने यह बात कही है।

केशप ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के 'बिजनेस-टू-बिजनेस' संबंध अमेरिका के मध्यम वर्ग के लिए सीधे नौकरियां पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल अमेरिका-भारत का द्विपक्षीय व्यापार 190 अरब डालर को पार कर गया है। औद्योगिक मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स और इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों के अमेरिकी निर्यात में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ेगा, इसकी अर्थव्यवस्था अमेरिकी कंपनियों के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण होती जाएगी।



■ भारत के साथ अमेरिका के बी2बी रिश्ते अमेरिका के मध्यम वर्ग के लिए सीधे पैदा कर रहे हैं नौकरियां

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय आबादी के शहरीकरण और इसके वैश्विक मध्यम वर्ग में शामिल होने के साथ अमेरिका वस्तुओं के लिए उनकी मांग बढ़ेगी।

इससे नवोन्मेषण और संस्कृति का विस्तार होगा। केशप ने कहा कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की भारत की महत्वाकांक्षा आगे बढ़ने के साथ ही उसकी अमेरिकी औद्योगिक उपकरणों तथा बौद्धिक संपदा (आईपी) की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ रही है और इस वजह से आज यह अमेरिकी नौकरियों का समर्थन करने वाले उद्योगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण निर्यात बाजार है।

## अमेरिकी सांसदों से ग्रीन कार्ड के लिए सात प्रतिशत की सीमा हटाने का अनुरोध

वाशिंगटन (भाषा)।

सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख नेता और उद्यमी अजय जैन भूटोरिया ने अमेरिकी सांसदों से ग्रीन कार्ड के लिए देशों के आधार पर मौजूदा सात प्रतिशत की सीमा को हटाने का अनुरोध किया है।

ग्रीन कार्ड या स्थायी निवास दर्जा अमेरिका में आव्रजकों को जारी किया जाता है। जिस व्यक्ति के पास ग्रीन कार्ड होता है वह देश में स्थायी रूप से रह सकता है। भूटोरिया ने राजधानी में आयोजित 'अमेरिका-भारत शिखर सम्मेलन' में कहा कि यदि एच-1 वीजा पर सीमा नहीं है, तो ग्रीन कार्ड के लिए यह क्यों है। भूटोरिया ने यहां आयोजित आयोजित शिखर सम्मेलन में कहा, 'जब हमारे पास अपनी कंपनियों, कारोबार और अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए एच-1 वीजा देने की देश की सीमा नहीं है, तो ग्रीन कार्ड की सीमा जरूरी क्यों है।'

## एआई जैसी तकनीक में निवेश बढ़ा रही हैं छोटी कंपनियां

नई दिल्ली (भाषा)। लघु और मझोले आकार की कंपनियां मार्केटिंग या विपणन के महत्व को लेकर आशान्वित है। लिंक्डइन के एक नए शोध में यह तथ्य सामने आया है।

इसमें कहा गया है कि इस तरह की कई कंपनियों या व्यवसायों ने अपनी विपणन रणनीति के तहत कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी प्रौद्योगिकियों में निवेश करना शुरू कर दिया है। लिंक्डइन के अध्ययन के मुताबिक, चुनौतीपूर्ण अर्थव्यवस्था में अपने कदम मजबूती से जमाए रखने के लिए मझोले आकार के दस में से नौ कारोबार एआई और स्वचालन (ऑटोमेशन) में निवेश कर रहे है।

इस अध्ययन में भारत के छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों के 309 वरिष्ठ अधिकारियों से बात की गई। यह सर्वे आनलाइन तरीके से 15 से 23 मार्च, 2023 के बीच किया गया। इसके मुताबिक इन कंपनियों या कारोबार की शीर्ष प्राथमिकता अपने ग्राहक आधार का विस्तार करना, कारोबारी राजस्व तथा बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाना और ब्रांड के भरोसे को बनाना है।

इन उद्देश्यों को पाने के लिए 90 प्रतिशत कंपनियों ने अपनी विपणन रणनीति के तहत एआई जैसी नई प्रौद्योगिकी में निवेश शुरू कर दिया है और इसे जारी रखने वाली है।

# 'किस्मत का खेल' के नाम से जानी जाएगी आनलाइन गेमिंग

■ नाम बदलने पर विचार कर रही सरकार
■ 'कौशल' का खेल नाम भी दे सकती है सरकार

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त मंत्रालय आनलाइन गेमिंग को 'कौशल' और 'किस्मत के खेल' की श्रेणियों में वर्गीकृत करने और अलग-अलग दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने पर विचार कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

■ नाम बदलने के बाद आनलाइन गेमिंग पर अलग-अलग दर से लगेगा जीएसटी

ऐसे आनलाइन गेम जहां जीत-हार का फैसला किसी निश्चित परिणाम पर निर्भर है या उसकी प्रकृति सट्टेबाजी या जुए की है, वहां 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा। कौशल वाले आनलाइन गेम पर 18 प्रतिशत से कम कर लगाया जा सकता है। आनलाइन गेमिंग पर कराधान के बारे में अंतिम फैसला जीएसटी परिषद मई या जून में होने वाली अपनी अगली बैठक में करेगी। अधिकारी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'सभी आनलाइन गेम किस्मत पर आधारित नहीं है, या सट्टेबाजी या जुए की प्रकृति के नहीं है। वित्त मंत्रालय परिषद के समक्ष अपनी राय रखेगा।' उन्होंने कहा कि कौशल आधारित और किस्मत पर आधारित खेल के बीच अंतर करना होगा। इस समय आनलाइन गेमिंग पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। कर आनलाइन गेमिंग पोर्टल द्वारा लिए जाने वाले कुल शुल्क पर लगाया जाता है।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह ने पिछले साल दिसम्बर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आनलाइन गेमिंग पर जीएसटी को लेकर एक रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि, इस बारे में अंतिम फैसला जीएसटी परिषद को लेना है।

# वेदांता को कर्ज चुकाने में कोई दिक्कत नहीं

नई दिल्ली (भाषा)। खनन क्षेत्र के प्रमुख कारोबारी अनिल अग्रवाल ने कहा है कि उनके वेदांता समूह के पास अपनी सभी देनदारियों को चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी प्रवाह है। उन्होंने कहा कि समूह का लक्ष्य अगले 2-3 साल में 'शुद्ध शून्य ऋण वाली कंपनी' बनना है। अग्रवाल ने कहा कि वेदांता की कर्ज चुकाने की क्षमता पर सवाल 'बिल्कुल अप्रासंगिक' है, क्योंकि समूह अगले साल 30 अरब डालर की आय के साथ करीब नौ अरब डालर का लाभ अर्जित करेगा। उन्होंने कहा कि यह राशि सभी देनदारियों को चुकाने के लिए पर्याप्त है।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब अडाणी समूह पर अमेरिकी शार्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अत्यधिक कर्ज वाले भारतीय समूहों पर निगरानी बढ़ रही है। वेदांता रिसोर्सेज के संस्थापक और चेयरमैन अग्रवाल ने यहां एक साक्षात्कार में कहा, 'हमारे आकार के समूह के लिए हमपर दुनिया में सबसे कम कर्ज है।' उन्होंने कहा कि कारोबार में अरबों डॉलर का निवेश करने के चलते यह कर्ज है। उन्होंने कहा, 'कंपनी पर कुल कर्ज 13 अरब डालर का है और इस साल हमें सात अरब अमेरिकी डालर का लाभ हुआ है। अगले साल हमारी आय 30 अरब डालर और मुनाफा नौ अरब डालर होगा।'

## स्विगी ने अस्थायी कर्मी रखने को 'अपना' से हाथ मिलाया

नई दिल्ली (भाषा)।

आनलाइन आर्डर लेकर खाने की आपूर्ति करने वाले मंच स्विगी ने अस्थायी या गिग कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए 'अपना' के साथ साझेदारी की है।

अपना एक रोजगार एवं पेशेवर नेटवर्किंग कंपनी है। यह भर्ती स्विगी की तेज वाणिज्य सेवा इंस्टामार्ट के लिए की जाएगी और इसके तहत 2023 में 10,000 अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही कंपनी छोटे शहरों (टियर-2) में अपने आपूर्ति कार्यबल को मजबूत करने पर जोर दे रही है।

'अपना' ने बृहस्पतिवार को इस साझेदारी की घोषणा करते हुए कहा कि कई संगठनों के लिए छोटे शहरों और कस्बों से भर्ती करना काफी कठिन होता है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन रही तेजी

मुंबई (भाषा)।

विदेशी कोषों के प्रवाह तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली बढ़ने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद हुए।

विश्लेषकों के मुताबिक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों में जमकर लिवाली होने से कारोबारी धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 348.80 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 60,649.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 397.73 अंक तक उछल गया था।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 101.45 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,915.05 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नेस्ले के शेयर लाभ में रहे। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स और विप्रो के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।



व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि मिडकैप में 0.52 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे है। विदेशी निवेशकों का पूंजी प्रवाह बढ़ने और सकारात्मक तिमाही नतीजों से उसे बल मिल रहा है। हालांकि, अगले सप्ताह आने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति पर करीबी नजर रहेगी।'

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "वायदा अनुबंधों का मासिक निपटान होने के दिन बाजार में मजबूती बनी रही। चौतरफा तेजी के दौर में रियल्टी, आईटी और वाहन क्षेत्रों को सर्वाधिक लाभ हुआ।'

# मंधाना और कौर के बाद अब दीप्ति भी BCCI की ए ग्रेड प्लेयर

## बीसीसीआई ने जारी की महिला क्रिकेटरों के केंद्रीय अनुबंध की सूची, 17 को मिला कॉन्ट्रैक्ट, 5 को बी, 9 को सी ग्रेड

मुंबई। दुनियाभर में धूम मचाने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को बीसीसीआई ने ग्रेड-ए का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। ग्रेड-ए खिलाड़ियों को दिए जाने वाले वार्षिक कॉन्ट्रैक्ट की उच्चतम श्रेणी है और इसके तहत सालाना 50 लाख रुपए की धनराशि खिलाड़ियों को दी जाती है। वर्ष 2022-23 के लिए इस फेहरिस्त में स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर पहले से ही शामिल हैं और दीप्ति तीसरी खिलाड़ी बनी हैं। वहीं बता दें कि जेमिमाह, ऋचा और शेफ़ाली सहित पांच महिला क्रिकेटरों को ग्रेड-बी कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है, जिसमें उन्हें 30-30 लाख रुपए सालाना मिलेंगे। वहीं ग्रेड-सी में 9 खिलाड़ियों को रखा गया है, जिन्हें 10-10 लाख रुपए सालाना मिलेंगे। इस तरह से इस बार बीसीसीआई ने कुल 17 महिला खिलाड़ियों को सालाना कॉन्ट्रैक्ट दिया है। शीर्ष ब्रैकेट में पिछले साल पांच खिलाड़ी थे, लेकिन इस बार राजेश्वरी गायकवाड़ को ग्रेड बी और पूनम यादव को केंद्रीय अनुबंध से पूरी तरह से गायब कर दिया गया है।





**जानें दीप्ति को क्यों मिला ए ग्रेड**

टेस्ट : 2 मैचों में 152 रन और 5 विकेट

वनडे : 80 मैचों में 1891 रन और 91 विकेट

टी20 : 92 मैचों में 941 रन और 102 विकेट

### मैच फीस में भी बढ़ोतरी

**15 लाख** रुपए मिलेंगे अब प्रत्येक टेस्ट मैच खेलने पर

**06 लाख** रुपए हर वनडे मैच के लिए सभी खिलाड़ियों को

**03 लाख** रुपए का भुगतान किया जाएगा प्रति टी20 मैच के लिए

### जेमिमा, ऋचा और रेणुका ने ग्रेड-सी से बी में लगाई छलांग

युवा प्रतिभा जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा जैसे युवाओं को ग्रेड-बी में जगह दी गई है। जेमिमा, ऋचा और रेणुका ठाकुर ने महिला विश्व कप 2022 और महिला टी20 विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद ग्रेड-सी से ग्रेड-बी में छलांग लगाई है।

### कई नए चेहरों को मिला ग्रेड सी

मेघना सिंह, देविका वैद्य, सबबिनेनी मेघना, अंजलि सरवानी, राधा यादव और यस्तिका भाटिया जैसे कई नए चेहरों को ग्रेड सी श्रेणी में पहला केंद्रीय अनुबंध सौंपा गया है। स्नेह राणा और हरलीन देओल ने सूची में अपना स्थान बरकरार रखा है, जबकि पूजा वस्त्राकर ग्रेड-बी से ग्रेड-सी में आई है।

### मिताली-झूलन का पत्ता साफ

पिछले साल की केंद्रीय अनुबंध सूची से मिताली राज और झूलन गोस्वामी का नाम भी गायब है। दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

### ग्रेड ए+ पुरुषों को 7 करोड़, महिलाओं को अब भी सिर्फ 50 लाख

साल 2015 में महिला क्रिकेटर्स को पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिला। तब ग्रेड ए में 15 लाख और बी में 10 लाख मिलते थे। तब पुरुष क्रिकेटर्स को ए ग्रेड में एक करोड़, बी में 50 लाख व सी में 30 लाख मिलते थे। 2018 में महिला वर्ग में ग्रेड सी शामिल हुआ। महिला क्रिकेटर्स को ग्रेड ए में 50 लाख, बी में 30, सी में 10 लाख राशि मिलती है। वहीं पुरुषों को ए+ में 7 करोड़, ए में 5 करोड़, बी में 3 करोड़, सी में एक करोड़ मिलते हैं।

### कौन किस ग्रेड में...

**ग्रेड-ए : 50 लाख**
हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा

**ग्रेड-बी : 30 लाख**
रेणुका ठाकुर, जेमिमा रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष, राजेश्वरी गायकवाड़

**ग्रेड-सी : 10 लाख**
मेघना सिंह, देविका वैद्य, सबबिनेनी मेघना, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, राधा यादव, हरलीन देओल, यस्तिका भाटिया।

### ऑरेंज कैप

**1** फाफ डु प्लेसिस **422** रन

| मैच | सर्वश्रेष्ठ | औसत | चौके | छक्के | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 84 | 60.28 | 34 | 27 | 5 | 0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | 4 | 6 | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | विराट कोहली | 8 | 333 | 82* | 47.57 | 31 | 11 | 5 | 0 |
| 3 | डेवोन कॉन्वे | 8 | 322 | 83 | 46.00 | 34 | 12 | 4 | 0 |
| 4 | आर गायकवाड़ | 8 | 317 | 92 | 45.29 | 19 | 18 | 2 | 0 |
| 5 | डेविड वॉर्नर | 7 | 306 | 65 | 43.71 | 44 | 1 | 4 | 0 |

### पर्पल कैप

**1** मोहम्मद सिराज **14** विकेट

| मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 14 | 7.31 | 21/4 | 1/0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | विकेट | बेस्ट | इकोनॉमी | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | राशिद खान | 8 | 14 | 31/3 | 8.07 | 0/0 |
| 3 | तुषार देशपांडे | 8 | 14 | 45/3 | 10.90 | 0/0 |
| 4 | वरुण चक्रवर्ती | 8 | 13 | 15/4 | 8.05 | 1/0 |
| 3 | अर्शदीप सिंह | 7 | 13 | 29/4 | 8.16 | 1/0 |

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.939 |
| गुजरात टाइटंस | 07 | 05 | 02 | 10 | 0.580 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.376 |
| लखनऊ सुपर जांयट्स | 07 | 04 | 03 | 08 | 0.547 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 08 | 04 | 04 | 08 | -0.139 |
| पंजाब किंग्स | 07 | 04 | 03 | 08 | -0.162 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 08 | 03 | 05 | 06 | -0.027 |
| मुंबई इंडियंस | 07 | 03 | 04 | 06 | -0.620 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 | -0.725 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 07 | 02 | 05 | 04 | -0.961 |

# जयपुर में यशस्वी का हल्ला बोल

## आईपीएल 2023 : चेन्नई सुपर किंग्स को हरा टॉप पर पहुंची राजस्थान

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2023 के 37वें मैच में 32 रन से हरा दिया है। बता दें कि इस सीजन में राजस्थान ने दूसरी बार चेन्नई को हराया है। इससे पहले चेन्नई तीन रन से हारा था। इस जीत के साथ संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है।

राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम शिवम दुबे की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 170 रन ही बना सकी। रॉयल्स आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ 10 अंक अर्जित करके तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि चेन्नई इतने ही मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष से फिसलकर तीसरे पायदान पर आ गई है। गुजरात टाइटन्स सात मैचों में 10 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है।

राजस्थान के 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम जंपा (22 रन पर तीन विकेट) और अश्विन (35 रन पर दो विकेट) की फिरकी के सामने शिवम दुबे के अर्धशतक और रुतुराज गायकवाड़ (47) की उम्दा पारी के बावजूद छह विकेट पर 170 रन ही बना सकी। इससे पूर्व राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए हैं। राजस्थान के लिए यशस्वी ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 43 गेंद में 8 चौके और 4 छक्के की मदद से 77 रन बनाए।



### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल कै. रहाणे बो. तुषार | 77 | 43 | 8/4 |
| जॉस बटलर कै.शिवम बो.जाडेजा | 27 | 21 | 4/0 |
| संजू सैमसन कै.गायकवाड़ बो.तुषार | 17 | 17 | 1/0 |
| शिमरॉन हेटमायर बो.थीक्षणा | 8 | 10 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट | 34 | 15 | 3/2 |
| देवदत्त पड़िक्कल नाबाद | 27 | 13 | 5/0 |
| रवि अश्विन नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन, विकेट पतन : 1-86, 2-125, 3-132, 4-146, 5-194, गेंदबाज़ी : आकाश सिंह 2-0-32-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-2, महीश थीक्षणा 4-0-24-1, रवींद्र जाडेजा 4-0-32-1, मोईन अली 2-0-17-0, मथीशा पथिराना 4-0-48-0.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड़ कै.पड़िक्कल बो.ज़ैम्पा | 47 | 29 | 5/1 |
| डेवन कॉन्वे कै.संदीप बो.ज़ैम्पा | 8 | 16 | 1/0 |
| रहाणे कै.बटलर बो.अश्विन | 15 | 13 | 0/0 |
| शिवम दुबे कै.बटलर बो.यादव | 52 | 33 | 2/4 |
| अंबाती रायुडू कै.होल्डर बो.अश्विन | 0 | 2 | 0/0 |
| मोईन अली कै.सैमसन बो.ज़ैम्पा | 23 | 12 | 2/2 |
| रवींद्र जाडेजा नाबाद | 23 | 15 | 3/0 |

अतिरिक्त : 2, कुल : 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन, विकेट पतन : 1-42, 2-69, 3-73, 4-73, 5-124, 6-170, गेंदबाज़ी : संदीप शर्मा 4-0-24-0, कुलदीप यादव 3-0-18-1, जेसन होल्डर 4-0-49-0, रवि अश्विन 4-0-35-2, एडम ज़ैम्पा 3-0-22-3, युज़वेंद्र चहल 2-0-21-0.

## स्पेशल ओलंपिक के लिए भारत ने चुने 177 एथलीट

**नोएडा** । जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 17 से 25 जून तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए भारत ने 177 स्पेशल एथलीटों सहित 380 सदस्यीय दल का चयन किया है। स्पेशल ओलंपिक भारत ने कहा कि देश के 23 राज्यों से आने वाले ये एथलीट यहां एमिटी यूनिवर्सिटी में युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित एथलीट राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 15 खेलों के लिए प्रशिक्षण लेंगे।इस अवसर पर भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं पद्मश्री रानी रामपाल, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, एसओ भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा, एसओ भारत साइक्लिंग एथलीट सुश्री शिवानी, एसओ भारत के कार्यकारी निदेशक एलके शर्मा सहित विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

## विष्णुदत्त ने किया दिव्यांग सशक्तिकरण खेल संदेश यात्रा का स्वागत, दीं शुभकामनाएं

**भोपाल** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में कन्याकुमारी से कश्मीर तक दिव्यांग सशक्तिकरण खेल संदेश बाइक यात्रा का स्वागत किया। श्री शर्मा ने मध्यप्रदेश के दिव्यांग पैरालम्पिक अंतर्राष्ट्रीय तैराक सतेंद्र लोहिया व उनके साथी प्रमोद धनेले व मुकुल कटारे का स्वागत किया एवं यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में जो काम किया है वह भारतीय राजनैतिक इतिहास में कभी संभव नहीं हुआ। मध्यप्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग पैरालम्पिक तैराक सतेंद्र लोहिया सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने और दिव्यांग जनों को खेलों के प्रति जागरूक करने कन्या कुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर निकले है। उन्होंने कहा कि लोहिया देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

# अन्नपूर्णा पर्वत चढ़ने वाले पहले भारतीय बने अर्जुन



- 8000 मीटर की ऊंचाई वाले सात पहाड़ चढ़ने का बनाया रिकॉर्ड
- इस सफर में दो भारतीय पर्वतारोही गायब, एक साथी की हो गई मौत





नई दिल्ली। भारत के पेशेवर पर्वतारोहक अर्जुन वाजपाई नेपाल में स्थित दुनिया के 10वें सबसे ऊंचे पहाड़ अन्नपूर्णा पर्वत पर चढ़ने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए हैं। अर्जुन ने जमीन से 8091 मीटर की ऊंचाई पर चढ़ाई 17 अप्रैल को पूरी की और अब वे 8000 मीटर की ऊंचाई वाले सात पहाड़ चढ़ने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। अन्नपूर्णा पर्वत 8,000 मीटर के शिखर वाले 14 पहाड़ों में सबसे खतरनाक माना जाता है। इस वर्ष, अन्नपूर्णा पर्वत सबसे कठिन और खतरनाक पहाड़ों में से एक होने की अपनी प्रतिष्ठा पर खरा उतरा।

अर्जुन अन्नपूर्णा को फतह करके कैंप-4 में लौट आए, लेकिन इस सफर में दो भारतीय पर्वतारोही गायब हो गए और आयरलैंड के एक साथी पर्वतारोही की कैंप-4 में मौत हो गई। अर्जुन को अंततः एक हेलिकॉप्टर की सहायता से मूल कैंप लाया गया। अर्जुन पहले ही माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से, माउंट मकालू, माउंट कंचनजंगा, माउंट मानसलू और चो-ओयू पर चढ़कर कई पर्वतारोहण विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। वे अब दुनिया के 8000 मीटर शिखर वाले सभी 14 पहाड़ों को फतह करने वाले पहले भारतीय बनना चाहते हैं।

### अब 8000 मीटर से ज्यादा के सभी पहाड़ चढ़ने का सपना

अर्जुन ने अपने सपने के बारे में कहा, '8000 मीटर से ऊपर सभी 14 पहाड़ों पर चढ़ना और भारत का परचम फहराने वाला एकमात्र भारतीय बनना मेरा सपना है। अन्नपूर्णा पर्वत के बाद अभी मेरा ध्यान इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।'अर्जुन सबसे कम उम्र में एवरेस्ट पर्वत चढ़ने वालों में से एक होने के नाते पहले ही एक रिकॉर्डधारक हैं। फिट इंडिया चैंपियन की उपाधि से नवाजे जा चुके अर्जुन ने कहा, 'फिट इंडिया का विजन कुछ ऐसा है, जिससे मैं खुद को जोड़ सकता हूं। फिटनेस मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहा है और मैंने हर दिन फिट रहने में काफी समय बिताया है। मैं बाहर रहकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करने की कोशिश करता हूं और बच्चों को भी यही सिखाता हूं। मैं आंदोलन का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और इस पहल को शुरू करने के लिए भारत के माननीय प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं।

## सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर दी जान

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के बेगमपेट के चिकोटी गार्डन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने गुरुवार तड़के अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी देवेंद्र के रूप में हुई है, जो सीआरपीएफ के आईजी महेश चंद्र के अधीन तैनात था। शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## पाकिस्तान में मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मियों की गई जान

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में बदमाशों के साथ झड़प में छह पुलिसकर्मी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। प्रांतीय गृह मंत्री जियाउल्लाह लैंगोव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को जाफराबाद जिले में उस वक्त हुई, जब पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए उनकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी, जिसमें छह पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है।

## साइबर चुनौती से निपटने विशेष विंग बनाएगी सेना

नई दिल्ली, (एजेंसी)। साइबर और प्रौद्योगिकी आधारित चुनौतियों से निपटने तथा अत्याधुनिक संचार प्रणाली की बढ़ती जरुरत तथा उसे सुरक्षित रखने के लिए सेना ने जल्द से जल्द कमान साइबर आपरेशन और स्पोर्ट विंग (सीसीओएसडब्ल्य) संचालित करने का निर्णय लिया है। सेना की ओर से गुरुवार को जारी वक्तव्य में कहा गया है कि शीर्ष कमांडरों के हाल ही में संपन्न हुए सम्मेलन में सेना को हर पहलू से मजबूत तथा अत्याधुनिक बनाने के लिए सामरिक , प्रशिक्षण, मानव जन संसाधन और प्रशासनिक दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शीर्ष कमांडरों ने मौजूदा तथा उभरती सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और सेना की संचालन तैयारियों की समीक्षा की।

## बीएसएफ ने मार गिराया संदिग्ध ड्रोन, ड्रग्स जब्त

**जालंधर, (एजेंसी)।** पाकिस्तान की तरफ से नार्को-आतंकवाद की एक और नापाक कोशिश को नाकाम करते हुए पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने गुरुवार को अमृतसर के गांव धनो कलां के पास के इलाके में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक संदिग्ध ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक संदिग्ध ड्रोन आवाज सुनी। अग्रिम एरिया में तैनात सैनिकों ने गांव धनो कलां, जिला-अमृतसर के बाहरी इलाके में खेतों में ड्रोन की आवाज और खेप गिराए जाने की आवाज भी सुनी।

## राजकीय सम्मान के साथ दास का अंतिम संस्कार

**देहरादून/ बागेश्वर, (एजेंसी)।** उत्तराखंड के समाज कल्याण, परिवहन, खादी ग्रामोद्योग मंत्री चंदन राम दास का गुरुवार को अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ बागेश्वर के सरयू–गोमती नदियों के तट पर किया गया। कैबिनेट मंत्री दास के अंतिम संस्कार में राज्य के मुख्यमंत्री पुस्कर सिंह धामी, सौरभ बहुगुणा,सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व राज्यपाल भगत कोश्यारी सहित भारी संख्या में स्थानीय जनता तथा अन्य राजनैतिक दलों के नेता शामिल हुए। श्री दास के पुत्र गौरव दास और भाष्कर दास ने उन्हें मुखाग्नि दी। बागेश्वर के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री के निधन से पूरे जिले में शोक व्यापत है। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।

## आज का इतिहास

- 1829: यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नए प्रेस कानून पारित किए।
- 1847: जार्ज बी. वेशन अमेरिका के न्यूयॉर्क न्यायालय में जाने वाले पहले अश्वेत नागरिक बने।।
- 1910: इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम वाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।
- 1932: इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा।
- 1935: रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत।
- 1937: इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म।
- 1943: नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से जापान की यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए।
- 1945: इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उसके सहयोगियों की हत्या।

## प्रकाश सिंह बादल पंचतत्व में विलीन

मुक्तसर, (एजेंसी)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के संरक्षक एवं पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल (96) का गुरुवार को मुक्तसर जिले में उनके पैतृक गांव बादल में अपग्रन करीब पौने तीन बजे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्री बादल के शव को अंतिम यात्रा से पूर्व तिरंगे में लपेटा गया। उनकी अंतिम यात्रा अपराह्न करीब एक बजे उनके घर से निकट ही लगभग एक किलोमीटर दूरी पर स्थित किन्नू के बाग के लिये रवाना हुई। इस बाग वाली जमीन में अंतिम संस्कार के लिये 50 फुट लम्बा और 30 फुट चौड़ा एक चबूतरा तैयार किया गया था। इसी चबूतरे को बाद में स्मारक में तब्दील कर दिया जाएगा। किन्नू के इस बाग के साथ श्री बादल का विशेष जुड़ाव था। वह यहां किन्नू के पेड़ लगाने से लेकर निगरानी तक का काम स्वयं करते थे और गांव आने पर अक्सर यहीं बैठते थे।

# कश्मीर में चार मई तक मौसम खराब



श्रीनगर, (एजेंसी)। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बुधवार रात से रुक-रुक बारिश होने के कारण गुरुवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने चार मई तक मौसम खराब रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बयान में कहा गया कि केन्द्रशासित प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में कई स्थानों पर गुरुवार को दोपहर बाद रुक-रुक कर बारिश होने के साथ गरज के साथ छींटे पड़ने और हिमपात होने का अनुमान जताया है।

प्रदेश में 28 अप्रैल को कई स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश या ऊंची चोटियों में हिमपात के अलावा आंधी चलने का अनुमान जताया गया है। विभाग के अनुसार प्रदेश में 29 और 30 अप्रैल को हल्के बादल छाए रहने और रुक-रुक का बारिश या फिर गरज के साथ छींटे पडने के अनुमान जताया गया हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि एक से तीन मई के बीच कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि हो सकती है।

मौसम विभाग ने बागान मालिकों को पेड़ों पर छिड़काव करने के विचार को चार मई तक टालने का सुझाव दिया है। श्रीनगर और इसके आस-पास के इलाकों में रुक-रुक कर मध्यम से भारी बारिश हुई। , जिससे तापमान में गिरावट आने से सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुई। बारिश के कारण श्रीनगर शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। कश्मीर घाटी के अन्य जिला मुख्यालयों से भी मध्यम से भारी बारिश होने की रिपोर्ट मिली हैं।

## चीन में पहली बार किया किया चिप इंप्लांटेशन

बीजिंग,(एजेंसी)। चीन में शराब की लत छुड़ाने के लिए एक सर्जरी की गई है। दरअसल लियू(36) नामक एक शख्स शराब की लत से परेशान था उसके शरीर में एक चिप इम्प्लांट की गई है। यह सर्जरी महज पांच मिनट में कम्प्लीट हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लियू चीन का पहला ऐसा शख्स है, जिसे इस तरह का स्पेशल चिप इम्प्लांट ट्रीटमेंट दिया गया है।

इस सर्जरी का फायदा ये होगा कि अब लियू को शराब की तलब ही नहीं लगेगी। एक रिपोर्ट में इस सर्जरी की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक यह सर्जरी 12 अप्रैल को की गई थी। इसकी जानकारी अब जारी की गई है। इसे हुनान राज्य के हाईटेक ब्रेन हॉस्पिटल में अंजाम दिया गया। क्लिनिकल ट्रायल को लीड डॉक्टर हाओ वीई ने की है। वे इंटरनेशनल नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वाइस प्रेसिडेंट हैं और उन्होंने अपनी टीम के साथ इस अल्कोहल क्रेविंग चिप को बनाया है।

### सिर्फ पांच देशों को वीटो पॉवर पर भारत की दो टूक

# नए सदस्यों को अधिकार देने से नहीं होगा कोई प्रतिकूल प्रभाव



नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो का इस्तेमाल नैतिक दायित्वों के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक विचारों के आधार पर किया जाता है और वीटो इस्तेमाल करने का अधिकार केवल पांच स्थायी सदस्यों को दिया जाना देशों की संप्रभु समानता की अवधारणा के विपरीत है।

माथुर ने जोर देकर कहा कि मतदान के अधिकार के संदर्भ में या तो सभी राष्ट्रों के साथ समान व्यवहार किया जाए या फिर नए स्थायी सदस्यों को भी वीटो का अधिकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे विचार में नए सदस्यों को वीटो का अधिकार दिए जाने से परिषद की प्रभावशीलता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थानीय मिशन में सलाहकार प्रतीक माथुर ने 193 सदस्यीय महासभा द्वारा वीटो पहल को पारित किए जाने के एक साल बाद बुधवार को वीटो के इस्तेमाल पर आयोजित महासभा की बैठक में कहा कि पिछले 75 साल से अधिक समय में सभी पांच स्थायी सदस्यों ने अपने-अपने राजनीतिक हित साधने के लिए वीटो का इस्तेमाल किया है। 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद के केवल पांच स्थायी सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं।

### भारत ने जताया था खेद

माथुर ने कहा कि वीटो का इस्तेमाल नैतिक दायित्वों से नहीं, बल्कि राजनीतिक विचारों से प्रेरित होता है। जब तक यह अस्तित्व में है, वीटो का अधिकार रखने वाले सदस्य देश ऐसा करते रहेंगे, भले ही कितना भी नैतिक दबाव क्यों न हो। जब वीटो पहल संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया था, उस समय भारत ने प्रस्ताव को पेश करने में समावेशिता की कमी पर खेद व्यक्त किया था। माथुर ने दोहराया कि वीटो संबंधी प्रस्ताव दुर्भाग्य से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधारों संबंधी सीमित दृष्टिकोण को दर्शाता है और यह समस्या के मूल कारण की अनदेखी करते हुए एक ही पहलू को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि वीटो इस्तेमाल करने का विशेषाधिकार केवल पांच सदस्यों को दिया गया है। यह देशों की संप्रभु समानता की अवधारणा के विपरीत है और द्वितीय विश्व युद्ध की केवल इस मानसिकता को बनाए रखता है कि लूटा गया सामान केवल विजेता का होता है। माथुर ने यूएनएससी सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ताओं में अफ्रीका के रुख को उद्धृत करते हुए कहा कि सैद्धांतिक रूप से वीटो को समाप्त करना चाहिए। बहरहाल, आम न्याय की बात करें, तो जब तक यह बना रहता है, तब तक इसमें नए स्थायी सदस्यों को शामिल कर उन्हें अधिकार दिया जाना चाहिए।

# बद्रीनाथ धाम मंदिर के खुले कपाट



चमोली, (एजेंसी)। श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार को सुबह 7:10 बजे शुभ मुहूर्त पर ब्रहम बेला में पूरे वैदिक मंत्रोचारण एवं विधि विधान के साथ श्रद्वालुओं के लिए खुल गए। इस मौके पर पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट के अवसर पर हजारों संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। कुबेर जी, श्री उद्वव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया।

इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हकहकूधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्वालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर मंगलमय की कामना की।

### केदारनाथ में बर्फबारी से रोके चार हजार यात्री

केदारनाथ धाम में तेज बर्फबारी व निचले इलाकों में बारिश के चलते प्रशासन ने यात्रा को रोक दिया है। सोनप्रयाग में दो बजे के बाद यात्रियों को आगे नहीं जाने दिया गया। यहां चार हजार से अधिक श्रद्वालु रोके गए हैं। पुलिस की ओर से अगस्त्यमुनि व अन्य स्थानों पर भी यात्रियों से मौसम ठीक होने तक होटल, लॉज में ही रुकने की अपील की गई है। बृहस्पतिवार को सोनप्रयाग से सुबह पांच से दोपहर 1.30 बजे तक 14 हजार से अधिक श्रद्वालुओं को केदारनाथ रवाना किया गया था।

### समलैंगिक विवाह के विरोध की निंदा



30 से अधिक लॉ स्कूलों के समलैंगिक समूहों ने समलैंगिक विवाह का विरोध करने वाले बीसीआई ( बार काउंसिल आफ इंडिया) के प्रस्ताव की निंदा की। इस दौरान गुरुवार को दिल्ली में कीर प्राइड परेड में एलजीबीटी समुदाय का एक सदस्य प्रदर्शन करता हुआ।

## असम में नहीं है कोई भी आदिवासी उग्रवादी समूह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) और असम सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। डीएनएलए के साथ गुरुवार को शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि असम में अब कोई आदिवासी उग्रवादी समूह नहीं है। उन्होंने कहा कि अब असम में एक भी ट्राइबल संगठन ऐसा नहीं है जो हथियार लेकर, कैंप लगाकर जंगलों में रहेगा। इस समझौते के साथ ही सारे ट्राइबल ग्रुप मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं। शाह ने कहा कि असम में अब कोई आदिवासी उग्रवादी समूह नहीं है।

**केंद्र, असम और डीएएलए में त्रिपक्षीय समझौता**

शाह ने कहा कि दिमासा पीपल्स सुप्रीम काउंसिल और दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी ने हिंसा खत्म करने और दिमासा के लोगों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए असम सरकार के साथ गुरुवार को ये समझौता किया है। ये मेरी लिए आनंद और संतुष्टि का विषय है। डीएनएलए ने इस महीने की शुरुआत में एकतरफा संघर्ष विराम विस्तार की घोषणा की थी। संगठन अध्यक्ष जुहथाई ने असम सीएम को पत्र लिखकर संघर्षविराम को छह महीने और बढ़ाने के डीएनएलए के फैसले की जानकारी दी थी। सितंबर 2021 को, डीएनएलए ने शांति की मांग के जवाब में छह महीने की अवधि के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की थी।

# सोलह वर्ष बाद अतीक के दो बेटों समेत छह लोगों पर एफआईआर

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** बुधवार को देर रात 16वर्ष पूर्व एक पुराने वारदात में अतीक के बेटे अली तथा उमर समेत छह पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा अतीक के बेहद करीबी बिल्डरों में शामिल रहे मोहम्मद मुस्लिम ने कराया। मुस्लिम के तहरीर पर स्थानीय खुल्दाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

मोहम्द मुस्लिम ने अपने तहरीर में यह आरोप लगाया है कि 2007 में धूमनगंज थाना अंतर्गत देवघाट स्थित पैतृक जमीन न देने पर आरोपियों ने अगवा कर अतीक के चकिया स्थित कार्यालय ले जाकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मोहम्द मुस्लिम ने तहरीर में बताया कि देवघाट में उनकी पैतृक जमीन है वर्तमान में उसकी कीमत 15 करोड़ है अतीक की मंशा थी कि यह जमीन उसके नाम कर दूं, जब मैंने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। डरकर मैं 2007 में लखनऊ जाकर रहने लगा। किसी काम से जब प्रयागराज अपने घर जा रहा था तभी अतीक के बेटे अली उमर असाद कालिया अजय एहतेशाम तथा नुसरत ने गाड़ी से खींचकर चकिया कार्यालय ले गए थे वहां मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर के अनुसार मो. मुस्लिम के तहरीर पर अली उमर समेत छह पर केस दर्ज कर जांच जारी है ।

### माफिया मुख्तार अंसारी के भाई व सांसद अफजाल को हाईकोर्ट से मिली राहत



माफिया मुख्तार अंसारी के भाई और बसपा सांसद अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। गाजीपुर में 35 दुकानों का नक्शा मांगे जाने के मामले में ये राहत दी गई है। दरअसल नगर पालिका मोहम्मदाबाद ने अफजाल अंसारी की दुकानों को नोटिस जारी किया था। अफजाल अंसारी की तरफ से नगर पालिका मोहम्मदाबाद के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। अफजाल की याचिका पर हाईकोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा था। सरकार की तरफ से गुरुवार को हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया गया। नगर पालिका मोहम्मदाबाद के नोटिस को वापस लेने की जानकारी दी गई। बता दें कि 1975 और 1997 के बीच अफजाल अंसारी के परिवार ने गाजीपुर के मोहम्मदाबाद में 35 दुकानें बनाई थीं। नगर पालिका मोहम्मदाबाद ने दुकानों का नक्शा नहीं होने को लेकर नोटिस जारी किया था।

## रोटी को सही समय पर नहीं पलटा तो हो जाती है कड़वी

मुंबई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक हलचल के बीच एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि रोटी पलटने का समय आ गया है। उन्होंने मुंबई के युवा मंथन कार्यक्रम में कहा कि किसी ने मुझे कहा कि रोटी सही समय पर पलटनी होती है और अगर सही समय पर नहीं पलटी तो वो कड़वी हो जाती है। अब सही समय आ गया है रोटी पलटने का, उसमें देरी नहीं होनी चाहिए। इस बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को आग्रह करूंगा की वो इस पर काम करें।

**शरद पवार के बयान से हलचल**

पूर्व सीएम शरद पवार का ये बयान ऐसे समय आया जब उनके भतीजे और एनसीपी नेता अजित पवार के अगले राजनीतिक कदम को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही है। दावा किया जा रहा है कि वह भाजपा के साथ हाथ मिला सकते हैं। हालांकि इन दावों को अजित पवार और शरद पवार खारिज करते रहे हैं। हाल ही में अजित पवार एनसीपी की बैठक में भी शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई अटकलें लगाई गईं और अफवाहें फैलाई गईं। बिना किसी कारण के मेरे चारों ओर संदेह का घेरा बना दिया गया, लेकिन किसी भी अफवाह में फंसे बिना मैं अपना काम जारी रखे हुए हूं।

शरद पवार लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं कि जिसको लेकर बहुत सी चर्चा हो रही है। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों से अलग राय रखते हुए कहा था कि अदाणी ग्रुप के मामले में जेपीसी जांच की जरूरत नहीं है। इस पर कांग्रेस ने कहा था कि यह उनकी निजी राय है। हमारे साथ इस मुद्दे पर 19 दल साथ है।

**आयोजन** — केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया फार्म मशीनरी टेक्नालॉजी शिखर सम्मेलन का शुभारंभ

# छोटे किसानों को मिले टेक्नालॉजी का लाभ : तोमर



नई दिल्ली, (एजेंसी)। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने छोटे किसानों को तकनीक और मशीनरी का दिए जाने पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सीमित भूमि के बाबजूद खाद्यान का उत्पादन बढ़ाते रहना होगा। श्री तोमर ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) तथा ट्रैक्टर एंड मैकेनाइजेशन एसोसिएशन (टीएमए) के फार्म मशीनरी टेक्नालॉजी पर आयोजित शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में लगभग 85 प्रतिशत छोटे किसान हैं, जिन्हें टेक्नालॉजी-मशीनरी का लाभ मिलना चाहिए।

कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम) के तहत प्रशिक्षण, परीक्षण, सीएचसी, हाई-टेक हब, फार्म मशीनरी बैंकों (एफएमबी) की स्थापना जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक राज्यों को 6120.85 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, वहीं राज्य सरकारों के माध्यम से ट्रैक्टर, पावर टिलर और स्वचालित मशीनरी सहित सब्सिडी पर 15.24 लाख कृषि मशीनरी और उपकरण वितरित किए गए हैं।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना वर्तमान समय की जरूरत

**बायोएग इंडिया कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड्स समारोह में बोले केंद्रीय कृषि मंत्री**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि आज हमारा देश बहुत बड़े बदलाव से गुजर रहा है। हम 21वीं सदी का भारत देख रहे हैं, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें और हमसे अपेक्षाएं हैं। दुनिया का बड़ा तबका भारत से सहारे की अपेक्षा करता है, फिर वह तकनीक हो, मैनपॉवर या खान-पीने की वस्तुएं। हम पर अपनी जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ दुनिया के प्रति भी जिम्मेदारी है। यही कारण है कि कृषि क्षेत्र हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है और समय के हिसाब से इसमें जरूरी परिवर्तन करना भी आवश्यक है। श्री तोमर ने यह बात गुरुवार को एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित बायोएग- 2023 कॉन्फ्रेंस व अवार्ड्स समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि हर देश की कुछ न कुछ प्रधानता होती है, उसकी अनदेखी की जाती है तो असंतुलन की स्थिति बनती है। हमारी प्रधानता कृषि है, आज इस दिशा में तेजी से विचार की जरूरत है कि अपनी प्रधानता को और मजबूत कैसे बनाएं। जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत की बात कहते हैं, लोकल फॉर वोकल पर जोर देते हैं, एक जिला-एक उत्पाद को समर्थन देते हैं तो इनमें ये प्रधानता ही समाहित है।

## सरकार बनी तो मुफ्त होगा सफर : राहुल

मंगलौर, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर्नाटक चुनाव को लेकर राज्य के दौर पर हैं। इसी बीच राहुल गांधी ने मंगलौर में कांग्रेस की पांचवीं चुनावी गारंटी की घोषणा की। उन्होंने बड़ा वादा करते हुए कहा कि हमारी सरकार आने पर महिलाएं सार्वजनिक वाहनों में फ्री यात्रा कर सकेंगी।

**कर्नाटक में महिलाओं के लिए कांग्रेस का चुनावी वादा**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि कांग्रेस अपने वायदे पूरे नहीं करेगी, लेकिन हमने आपको गांरटी दी है कि चार वादे पहली कैबिनेट में पूरे हो जाएंगे। हम चार वादे नहीं पांचवें वादे भी पूरे करेंगे। इसमें हमने एक वादा महिलाओं के लिए जोड़ा है।

# भाजपा सरकार में लगातार हो रहा व्यापारी वर्ग का उत्पीड़न : पूर्व राज्य मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा



प्रखर जौनपुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व राज्य मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा सपा के नगरपालिका के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर विश्वकर्मा समाज का बैठक कर प्रेसवार्ता करते हुए कहा समाजवादी पार्टी नगर पालिका नगर पंचायत का चुनाव बहुत मजबूती से लड़ रही है। जिस तरह भाजपा सरकार में लगातार व्यापारियों वर्ग का उत्पीड़न हुआ है। उससे आज व्यापारी बहुत नाराज हैं। वह अपने आप को सुरक्षित करना चाहता है व्यापारी वर्ग ने इस बार नगर पालिका के चुनाव में जिस तरह समाजवादी पार्टी का समर्थन सड़क पर आकर कर रहा है। यह एकता पहली बार देखने को मिली है भाजपा सरकार जब से बनी है। कोई अपने दुश्मन को भी इतना प्रताड़ित नहीं करेगा जितना भाजपा सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित कर रही है। उनके ऊपर इतने टैक्स लगा दिए गए हैं व्यापारी अपना व्यापार नहीं कर पा रहा है। सारा टैक्स में देते देते बबार्दी के कगार पर पहुंच चुका है ।व्यापारी नगर पालिका का चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने जा रही है। जनपद जौनपुर में 20 सालों से एक ही परिवार का कब्जा है लेकिन मैं जौनपुर के गलियों में टहला हूँ विकास के नाम पर कोई ऐसा वर्क नहीं किया है। वर्तमान अध्यक्ष ने जिसको वो बता सकें। वहीं जनमानस में पता चला कि जनता का विकास तो नहीं किए हैं। लेकिन अपने घर मकान और व्यापार का विकास पिछले 20 सालों में 50 गुना बढ़ाने का काम किया है ऐसे भ्रष्ट अध्यक्ष को इस बार नगर पालिका की जनता सबक सिखाएगी । वही जौनपुर में जिस तरह व्यापारियों के ऊपर अत्याचार हो रहे थें । वर्तमान अध्यक्ष व्यापारी नेता भी है लेकिन कभी सड़क पर व्यापारियों के हित में लड़ने का काम नहीं किए वर्तमान में जो समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी है लगातार व्यापारियों के हक की लड़ाई सड़क लड़ने और व्यापारी हर दुख दर्द मे साथ रहने काम किया है। व्यापारियों के अधिकार की लड़ाई के कारण कितने मुकदमे भी झेल रहा है। लेकिन व्यापारियों के उत्पीड़न को कभी बर्दाशत करने का काम नहीं किया । वहीं आज व्यापारी वर्ग समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट का साथ दे रहा है निश्चित रूप से 20 साल का किला समाजवादी पार्टी ढ़हायेंगा । मुख्य रुप से जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल,पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राजेन्द्र टाईगर, हिसामुद्दीन शाह, श्याम बहादुर पाल, रुक्सार अहमद, प्रत्याशी उषा जयसवाल श्रवण जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, राजेश विश्कर्मा, राजकुमार बिन्द, हिरालाल विश्कर्मा, सोचनराम विश्कर्मा, अजय विश्कर्मा, लालजी विश्कर्मा, गजराज यादव अनील दूबे, मनोज मौर्या, दिनेश फौजी आदि लोग उपस्थित रहा ।।

## चौधरी दिनेश चंद्र राय बने माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री के पद पर चौधरी दिनेश चंद्र राय को मनोनीत किया गया है। संघ के प्रदेशीय अध्यक्ष ने बताया कि अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर नियुक्त चौधरी दिनेश चंद्र राय को शिक्षकों के प्रति सच्ची सेवा को देखते हुए संघ का प्रदेशीय मंत्री मनोनीत किया गया। शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय कमेटी द्वारा प्रदेशीय मंत्री की जिम्मेदारी चौधरी दिनेश चंद्र राय को सौंपी गई है। इस नए उत्तरदायित्व के लिए पूरे जनपद के शिक्षक साथियों के तरफ से बहुत-बहुत बधाई दी जा रही है। प्रदेशीय मंत्री चौधरी दिनेश चन्द्र राय ने शिक्षकों की जायज मांगों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का ऐलान किया। उन्होंने संगठन के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए शिक्षक साथियों से संगठन को और मजबूत करने की अपील की। बताया कि शिक्षकों के संघर्ष और संगठन की ताकत के माध्यम से वेतन वितरण अधिनियम, चयन बोर्ड अधिनियम और सेवा सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। उन उपलब्धियों को अक्षुण्ण रखना हम सभी शिक्षक साथियों की जिम्मेदारी है। उधर प्रांतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में गठित चार सदस्यीय कमेटी द्वारा प्रदेशीय मंत्री की जिम्मेदारी चौधरी दिनेश चंद्र राय को मिलने की खबर लगते ही जिलाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, नारायण उपाध्याय, रत्नेश कुमार राय, रविन्द्र नाथ तिवारी, रेयाज अहमद, अमित कुमार राय, अविनाश कुमार सिंह गौतम, सूर्य प्रकाश राय, वीएस पांडेय आदि ने बधाई दी।

## अधीक्षक डा. आरबी यादव की मेहनत से सातवी बार मिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर को कायाकल्प अवॉर्ड

### वाराणसी जिले में चोलापुर को मिला पहला स्थान



प्रखर चोलापुर वाराणसी। वर्ष 2022- 23 में कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलपुर को अवॉर्ड मिला है। यह अवार्ड 3 चरण इंटरनल, पियर एवं एक्सटर्नल एसेसमेंट को देखकर दिया जाता है। अवार्ड करीब 500 से ज्यादा मानकों पर खरा उतरने पर ही दिया जाता है, जिसके लिए पहले इंटरनल एसेसमेंट किया जाता है। जिसको जिले और मंडल स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अस्पताल के द्वारा मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण एवं परीक्षण किया जाता है। उसके बाद पियर एसेसमेंट किया जाता है, उसके बाद एक्सटर्नल एसेसमेंट प्रदेश स्तरीय टीम के द्वारा जिसमें अपर निदेशक स्तर के अधिकारियों की टीम आकर पूरे अस्पताल का एसेसमेंट करती है। इन सभी एसेसमेंट में कम से कम 70 परसेंट मार्क आने पर ही उक्त अस्पताल को चिन्हित कर पुरस्कृत किया जाता है। कई बार की भांति इस बार भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर को 88.14% मार्क मिला। जिससे पूरे वाराणसी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अवॉर्ड मिलने पर अधीक्षक डॉक्टर आरबी यादव ने खुशी जाहिर करते हुए अस्पताल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारीयों को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि आने वाले समय में और भी अधिक सुविधाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर में दी जाएंगी। जिससे यहां आने वाले मरीजों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

## निक्षय मित्र रमेश प्रसाद त्रिपाठी कर रहे टीबी मरीजों का सहयोग

प्रखर कुशीनगर। जनपद में संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन के लिए सरकार के प्रयास को अब आम जनता का साथ मिल रहा है। सुकरौली क्षेत्र के रमेश प्रसाद त्रिपाठी निक्षय मित्र के रूप में न सिर्फ टीबी मरीजों को स्वस्थ बनाने में योगदान दे रहे हैं बल्कि कुष्ठ रोग के मरीजों की भी मदद कर रहे हैं। वे टीबी मरीजों को हर माह पोषण पोटली के साथ मानसिक संबल प्रदान करते हैं। कुष्ठ रोगियों को कम्बल बांटकर उनकी मदद भी करते हैं। एक तरफ जहां कुछ लोग कुष्ठ एवं टीबी जैसी संक्रामक बीमारी से पीड़ित मरीजों के साथ भेदभाव और तरह-तरह की भ्रांतियाँ रखते हैं, वहीं इनकी मदद के लिए आगे आकर रमेश ने एक मिसाल पेश की है। कुष्ठ विभाग में नान मेडिकल सुपरवाइजर (एनएमएस) के पद पर तैनात 57 वर्षीय रमेश अब तक चार बार में छह मरीजों को गोद ले चुके हैं। उनकी मदद से एक टीबी मरीज स्वस्थ हो चुका है, और पांच उपचाराधीन हैं। वह बताते हैं कि अक्टूबर 2022 में निक्षय मित्र योजना के बारे में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक ( एसटीएस) राकेश कुमार सोनकर से जानकारी मिली। उन्होंने गरीब टीबी मरीजों को गोद लेने की इच्छा जताई, तो अक्टूबर 2022 माह में एक मरीज को गोद लिया। उसके बाद तीन बार में पांच अन्य मरीजों को गोद लिया। रमेश गोद ले चुके मरीजों से हर महीने मुलाकात करते हैं और उन्हें पोषक सामग्री जैसे दाल , चना, मूंगफली, गुड़, च्यवनप्राश आदि देते हैं। इलाज, दवा, पोषण पोटली, मानसिक संबल और सरकारी प्रावधानों का लाभ पाकर एक मरीज स्वस्थ हो चुका है। रमेश का मानना है - सामग्री देने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि मरीजों से बातचीत कर उनके मन में यह भाव पैदा किया जाए कि टीबी से स्वस्थ होने के प्रयास में उनके साथ स्वास्थ्य प्रणाली और निक्षय मित्र भी हैं वह कहते हैं कि उनकी पुरानी पीढियां भी जड़ी बूटी की दवा बना कर लोगों की सेवा करते थे, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वर्ष 2018 से वह लगातार हर साल दो अक्टूबर (गांधी जयंती) तथा 30 जनवरी को 30-35 कुष्ठ रोगियों को कंबल और गमछा वितरित करते हैं। देवतहा सीएचसी के एसटीएस राकेश कुमार सोनकर की प्रेरणा से अक्टूबर 2022 से टीबी रोगियों को गोद लेना शुरू कर किया। वह इन मरीजों से उनके घर जाकर तथा फोन करके हाल चाल लेते हैं और भरोसा देते हैं कि नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेते रहने से बीमारी ठीक हो जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवतहा के वरिष्ठ पर्यवेक्षक राकेश कुमार सोनकर बताते हैं कि रमेश द्वारा गोद लिए गए 14 से 32 आयु वर्ग के सभी मरीज आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग से आते हैं और उन्हें पोषण के साथ मानसिक सहयोग की आवश्यकता थी।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनहित में जारी किया निर्देश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण गाजीपुर ने बताया है कि क्या करे क्या न करे के बारे में जानकारी दी। आपदा से बचाव हेतु क्या करे के बारे में बताया कि कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच, गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टी0वी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूवार्नुमान की जानकारी लेते रहे,जितने बार हो सके पानी पीये,प्यास न लगा हो तब भी पानी पीये ताकि शरीर मे पानी की कमी से होने वाली बीमारी से बचा जा सके, हल्के रगं के ढीले ढाले सूती वस्त्र पहने ताकि शरीर तक हवा पहुचे और पसीने को सोख कर शरीर को ठंडा रखे,धूप में बाहर जाने से बचे, अगर बहुत जरुरी हो तो गमछा, चश्में, छाता, टोपी एवं जूते या चप्पल पहनकर ही घर से बाहर निकले, शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थो का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है, यात्रा करते समय अपने साथ बोतल में पानी जरुर रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें, गर्मी के दिनों में ओ0आर0एस0 का घोल पिये। अन्य घरेलू पेय जैसे, नीबू पानी, कच्चे आम का बना लस्सी आदि का प्रयोग करे, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो, अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे, तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने। तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श ले, जानवरों को छायादार स्थान में रखें, उन्हे पीने के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी दें, अपने घर को ठंडा रखें, घर को पर्दे से ढक कर या पेन्ट लगाकर 3-4 डिग्री तक ठंडा रखा जा सकता है, रात में अपने घरो की खिड़िकियो को अवश्य खुली रखें, कार्यस्थल पर पानी की समुचित व्यवस्था रखें, फैन, ढीले कपडे.का उपयोग करे। ठंडे पानी से बार-बार नहाएं। साथ ही क्या न करें के बारे में बताया कि धूप मे, खडें वाहने में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोडें, खिड़की की रिफलेक्अर जैसे एल्युमुनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखे, ताकि बाहर की गर्मी का अन्दर आने से रोका जा सके, उन खिड़कियो दरवाजे पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले कपडे/पर्दे लगाकर रखना चाहिए, जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान को सूनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सर्तक रहे, आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण ले, जहॉ तक सम्भव हो घर में ही रहे , सूर्य के सर्म्पक से बचे, सूर्य की तापमान से बचने के लिए जहॉ तक सम्भव हो घर की निचली मंजिल में ही रहें, सबसे उपरी मंजिल में कदापि न रहें, ताप के प्रभाव से लू (हीट-वेव) का शिकार होने की सम्भावना प्रायः बनी रहती है, संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें, दिन के 11 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकले, गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें, खाना बनातें समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखे, जिससे हवा का आना जाना बना रहे नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। किसी भी सहायता के लिए निम्न नम्बरो पर सम्पर्क कर सकते है टोल फ्री नम्बर का प्रयोग करे, एम्बुलेंस 108, पुलिस - 100/112, राहत आयुक्त कार्यालय 1070।

## निवर्तमान चेयरमैन ने जनता से किया धोखा: मोनू गुप्ता



प्रखर खेतासराय जौनपुर। भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रूपेश गुप्ता उर्फ मोनू ने कहा कि कस्बा में कोई विकास कार्य नही हुआ है। विकास के नाम पर निवर्तमान चेयरमैन ने जनता के साथ सिर्फ धोखा दिया है। पांच वर्ष तक बंगले में बैठकर सियासत करने वालों को इस बार जनता कड़ा जवाब देगी। वह शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि जनता ने इस बार मुझे चेयरमैन बनाया तो प्रत्येक नागरिक को 10 रुपये में भरपेट भोजन कराऊंगा। इसके लिए नगर में अत्याधुनिक तरीके का भव्य कैंटीन खोला जाएगा। जहां नगर के सभी 13 वार्ड के हर आमो खास नागरिक को दोनों वक्त निःशुल्क भोजन कराया जाएगा। प्रत्याशी रूपेश गुप्ता मोनू ने कहा कि खेतासराय नगर को सभी संसाधनों से लैस करते हुए पूर्ण विकसित करने के लिए खुद शासन स्तर से पैरवी करूंगा। नगर के सभी वार्डों में इंटरलॉकिंग, बिजली, पानी और जल निकासी के लिए बड़े नाले की मुकम्मल व्यवस्था कराना मेरी प्राथमिकता में शामिल है। एक प्रश्न के जवाब में श्री मोनू ने कहा कि यातायात के लिए पार्किंग, सब्जी मंडी और अन्य जरूरी सुविधाए मुहैया कराऊंगा। मेरी माता श्रीमती निर्मला गुप्ता यहाँ से चेयरमैन रह चुकी हैं। अपने पिता स्वर्गीय जंग बहादुर गुप्ता के नक़्शे कदम पर चलते हुए आम जनता के असली सेवक के रूप में विकास को तरजीह दुंगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से धर्मरक्षक मनीष गुप्ता, गजेंद्र पांडेय, धर्मेन्द्र मिश्रा, शुभम जायसवाल, सिंटू मिश्रा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**बागी प्रत्याशियों की कुंडली खंगालेगी पुलिस!**- खेतासराय (जौनपुर)। निकाय चुनाव में खेतासराय से घोषित भाजपा प्रत्याशी रूपेश गुप्ता मोनू के विरोध में आधा दर्जन लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पार्टी हाईकमान को जैसे ही यह खबर लगी तो कड़ी नाराजगी जताते हुए ऐसे सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है, जो अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और कुछ ऐसे लोग भी हैं जो पर्दे के पीछे से रहकर भाजपा प्रत्याशी को मतदान न करने की भी बात कह रहे हैं । इस संबंध में बीजेपी के जिले के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे सभी लोगों की रिपोर्ट तैयार करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई में उनके आय व्यय और रोजगार कारोबार के संबंध में भी पार्टी हिसाब किताब लेगी ।

## अटल आवासीय विद्यालय में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा 26 मई को

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अटल आवासीय विद्यालय, करसड़ा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु वाराणसी मंडल के जनपद वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर एवं चंदौली के अन्तर्गत उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों को सामाजिक न्याय की अवधारणा के दृष्टिगत समाज की मुख्य धारा से जोड़े जाने हेतु कक्षा 6 से 12 तक की निःशुल्क गुणवत्तापरक आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ होने जा रही है।

अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र/छात्राओं का जन्म 01 मैं2010 से पहले और 30 अप्रैल 2013 के बाद नहीं होना चाहिए। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों पर लागू होगा। श्रमिकों के बच्चों के लिए ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो पंजीयन के उपरांत 01.04.2023 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होंगे। अनाथ श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु पात्र बच्चे जिनकी आयु 10 से 13 वर्ष के मध्य हो। सीटों का आरक्षण कुल सीटों के स्थानों में 27 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 फीसदी अनुसूचित जाति एवं 02 फीसदी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का प्राविधान है। बालक और बालिकाओं के कुल सीटों का अनुपात 50:50 होगा। राज्य के मानदंडों के अनुसार दिव्यांग बच्चों (अर्थात शारीरिक विकलांगता, श्रवण बाधित और दृष्टि बाधित) के लिए आरक्षण का प्रावधान हैं। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रत्येक छात्र अथवा छात्रा को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा-5 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम संग एसपी ने जमानियां में लगाया चौपाल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जमानियां थाने पर जन चौपाल का आयोजन किया। चौपाल के दौरान अधिकारी द्वय ने वहां मौजूद मतदाताओं तथा प्रत्यासियों से चुनावो के संबंध में उनकी बातो व समस्याओं को सुना तथा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के संबंध में लोगो की राय जानी। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया जबकि जिला अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी जमानियां, एसडीएम जमानियां, थानाध्यक्ष जमानियां तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### खेतासराय पुलिस ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च



प्रखर खेतासराय जौनपुर। 4 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए खेतासराय पुलिस पूरी तरह अलर्ट हो गई है। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को भारत तिब्बत पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च कर आमजन से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान करें। उन्होंने कस्बा के सभी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील इलाकों को चिन्हित करते हुए नगर में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह के साथ मानीकलां चौकी इंचार्ज सकलदीप सिंह, खेतासराय कस्बा इंचार्ज महंगू यादव के साथ भारत तिब्बत पुलिस फोर्स के जवानों संग मुख्य चौराहे से शुरू फ्लैग मार्च गोला बाजार, जोगियाना मोहल्ला, बाराकला मोड़ , स्टेशन गली होते हुए दीदारगंज रोड़ से पुरानी बाजार व मुख्य चौराहे पर समाप्त हुआ। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यजुवेंद्र सिंह ने कहा कि 4 मई को होने वाले मतदान में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सर्किल के सभी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित करके वहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



प्रखर वाराणसी। शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज बाबतपुर वाराणसी में INFINITY CARE HOSPITAL HEALTH CARE के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें SCHOOL OF BUSINESS के 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया। INFINITY CARE HOSPITAL HEALTH CARE ने साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद 6 छात्रों हिमांशु प्रजापति, अभिलाष जायसवाल, अमित कुमार तिवारी,आयुष गिरि, रोहित मद्धेशिया और ऋतम्भरा सिंह का चयन किया ।इसके अलावा 5 छात्र उत्कर्ष झा, स्वाति गौतम, अपर्णा तिवारी, निहारिका सिंह तथा आलिया परवीन का चयन इंटर्नशिप (HR) के लिए भी हुआ है` मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विवेक विक्रम सिंह ने छात्रों को कड़ी मेहनत एवं लगन से प्राप्त शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरस्वती हायर एजुकेशन एंड टेक्निकल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पूर्वांचल में शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है तथा छात्र/छात्राओं को अपनी भी शुभकामनाएं दी` छात्रों के INFINITY CARE HOSPITAL HEALTH CARE में चयनित होने पर संस्था के चेयरमैन श्री वीरेन्द्र सिंह, संस्था के वाईस चेयरमैन श्री विनोद सिंह, संस्था के डायरेक्टर प्रो० कुलभूषण गुप्ता, संस्था के रजिस्ट्रार डॉ० विजय उपाध्याय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री विनय भक्तुला, CRC डायरेक्टर श्री विनय कुमार सिंह ने सभी छात्रों को बधाई तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी इस अवसर पर संस्था के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण ने छात्रों के सफल चयन पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।


प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं